तापमान
अधिकतम 30.6 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025

12 एक बार जीत से कोई सिकंदर नहीं बनता और हार से फकीर : ललित

13 अवैध लकड़ी कटाई का हुआ पर्दाफाश, ट्रक सहित जब्त


न्यू ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

खबर संक्षेप

गांजा तस्करी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। गांजा तस्करी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत अभियान चलाकर भिलाई नगर पुलिस ने गांजा समेत युवको को पकड़ा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तालाब गार्डन रूआबंधा और कुम्हारी में महामाया रोड कुम्हारी के पास अलग-अलग चार युवकों द्वारा गांजा बेचा जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर रुआबंधा भिलाई नगर निवासी कमलेश साहू उर्फ गणपत ,हिमांशु ठाकुर ,रामनगर कुम्हारी वीर दीवार ,नंदनी देवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 5 किलो 540 ग्राम गांजा व नगदी रकम 11 हजार 600 जब्त किया गया है।

घर के सामने से बोलेरो वाहन हुआ चोरी

भिलाई। बोलेरों पिकअप वाहन को अज्ञात ने पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि फिरोज खान ने शिकायत किया है कि वह सब्जी बेचने का काम करता है। 11 नवम्बर को बोलेरो पीकअप लोडिंग वाहन सीजी 07 सीए 9082 को अपने घर के पास रात को खड़ा किया था। सब्जी ठेला को बोलेरो वाहन के पीछे जंजीर से बांधा था। अज्ञात ने बोलेरो वाहन जहां खडा था सुबह गायब मिला। आसपास खोजबीन करने पर भी वाहन नहीं मिला। वाहन की कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई है।

सुपेला के मंदिर से चांदी का मुकुट हुआ चोरी

भिलाई। मंदिर से चांदी का मुकुट पार होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक कृष्णा नगर स्थित दुर्गा मंदिर में रात को अज्ञात ने चांदी का मुकुट पार कर दिया है। घटना की जानकारी भक्तगण सुबह पूजा करने पहुंचे तब भगवान के सिर पर मुकुट गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद कोई जानकारी नही मिल पाई है। आसपास में सीसी कैमरे में अज्ञात का फुटेज मिला है। जिसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। गौरतलब हो कि ठंड के दौरान हर साल मंदिर में चोरी की वारदात होती है। जिसे लेकर पुलिस भी खासी परेशान रहती है। आसपास के संदिग्ध किस्म के युवकों की जानकारी पुलिस जुटा रही है।

जिस जगह पर शव मिला वह 18 फीट से ज्यादा गहरा, 11 ऑपरेटरों को नोटिस, बैठी जांच

नलघर के संपवेल में मिली तीन दिन पुरानी लाश, होती रही पचरीपारा, मोतीपारा व शिक्षक नगर में पानी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई/दुर्ग

दुर्ग निगम के नया बस स्टैंड की ठीक सामने स्थित 11 एमएलडी के फिल्टर प्लांट के संमवेल में 3 दिन पुराना शव मिलने से सनसनी फैल गई। बता दें कि इस फिल्टर प्लांट से मोतीपारा, पचरीपारा और शिक्षक नगर के करीब 5 हजार घरों में पेयजल आपूर्ति होती है। इस घटना के बाद आशंका जाहिर की जा रही है कि गंदा और दूषित पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया। घटना के बाद महापौर अल्का बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित अन्य मौके पर पहुंचे।

उन्होंने जांच के निर्देश दिए। साथ ही प्लांट में सेवारत 11 पंप ऑपरेटरों को नोटिस जारी किया गया है। इधर घटना की जानकारी के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. मोहन पटेल के मुताबिक बॉडी तीन दिन पुरानी है, जो उफलकर बाहर आई। बहरहाल इस पूरे मामले में जांच जारी है। इस घटना के बाद निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। बता दें कि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। शव जिस जगह पर मिला, वहां करीब 18 फीट गहराई है। वहीं संपवेल की नाली 3 फीट चौड़ी है।



सुबह करीब साढ़े 10 बजे ऑपरेटर ने देखा शव

हर रोज की तरह जब पंप ऑपरेटर संपवेल में पानी का लेवल जांचने पहुंचा, तो उसने शव को उफना देखा। इसके बाद घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों और पुलिस को दी गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस क्षेत्र में लगातार संदिग्ध गतिविधियां हो रही थी। सुरक्षा के अभाव में संदिग्ध यहां डेरा डाल रहे थे। आसपास के लोग भी पानी का उपयोग कर रहे थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक खिड़की के रास्ते पंप हाउस तक पहुंचा। वह चोरी की नीयत से आया। वह खिड़की से सीधे नीचे की तरफ कूदा, अंधेरा होने की वजह से उसे अनुमान नहीं लगा और वह सीधे संपवेल में चला गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक की उम्र 50 वर्ष के करीब बताई गई है।

मृतक की अब तक नहीं हो पाई पहचान

सूचना पर दुर्ग कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। शव को किसी तरह टंकी से बाहर निकाला गया। शव को बाहर निकालने पर अधेड़ की दाढ़ी पक्की सफेद था। शव पूरी तरह खराब हो गया था। बॉडी डिकंपोज होनी शुरू हो गई थी। इसके कारण पीएम के लिए मरचुरी भेजा गया है। मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। बता दें कि निगम ने 30 मई 2025 को एक पत्र पुलिस अधीक्षक को लिखा था, जिसमें फिल्टर प्लांट की सुरक्षा की मांग की गई थी। इसमें कहा गया था कि आसपास संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं। नशाखोरी की जा रही है। आपत्ति करने पर लोग गाली गलौच और मारपीट करने लगते हैं।

बॉडी एक दिन से ज्यादा पुरानी नहीं

मिला शव एक दिन से ज्यादा पुराना नहीं है। फिल्टर प्लांट का एरिया प्रतिबंधात्म क्षेत्र है। संभवत: मृतक चोरी की नीयत से प्लांट के अंदर गया था और हादसे का शिकार हो गया। बहरहाल पेयजल की सप्लाई रोक दी गई है। संपवेल को खाली कराया जा रहा है। सफाई के बाद ही प्रभावित क्षेत्रों में पानी की सप्लाई होगी।

-**अलका बाघमार**, महापौर नगर निगम दुर्ग

शहर सरकार की लापरवाही

सीधे तौर पर शहर सरकार की लापरवाही है। क्या कर रहे थे जलकार्य विभाग के प्रभारी और अधिकारी, सुरक्षा गार्ड या चौकादार की तैनाती क्यों नहीं थी। जब मालूम है कि यह क्षेत्र संवेदनशील है, तो क्यों लापरवाही बरती गई। करीब 6 वार्ड की 30 हजार की आबादी इससे प्रभावित हुई है। महापौर को तत्काल इसमें कार्रवाई करनी चाहिए।

-**संजय कोहले**, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

पतासाजी जारी

शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकालकर पीएम के लिए भेजा गया है। संदेह जताया जा रहा है कि शव तीन दिन पुराना होगा। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगी।

-**नवीन राजपूत**, टीआई दुर्ग थाना

चोरों के हौसले इतने बुलंद कि एटीएम उखाड़कर मेटाडोर में भरकर की ले जाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आधी रात असामाजिक तत्वों ने एटीएम की मशीन को उखाड़कर ले जाने का मामला सामने आया है। चोरों के हौसले इस कदर बढ़ चुके हैं कि उन्हें पुलिस का तनिक भी भय नहीं है। घटना के बाद आरोपी चोर एटीएम को कुछ दूर तक ले गए, लेकिन ग्रामीणों को आता देख वहीं छोड़कर भाग खड़े हुए।

नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम ननकठी में हिताची कंपनी का एटीएम लगा हुआ था, जिसे बुधवार की रात करीब ढाई बजे आधा दर्जन से अधिक बदमाश रुपए निकालने पहुंचे। जब पैसा नहीं निकला तो एटीएम को ही उखाड़कर साथ ले गए। मेटाडोर सीजी 07 एवी 1310 में लादकर फरार होने की तैयारी में थे। बस्ती के लोग आवाज सुनकर जागने पर उन्हें देख लिया। इसके बाद वे मेटाडोर छोड़कर भाग गए। वारदात के दौरान बदमाशों ने बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे भी मार दिया, जिससे बदमाशों का फुटेज पुलिस को न मिल पाए।

▪ नंदिनी थाना क्षेत्र की घटना

एटीएम मशीन गांव के सड़क के किनारे लगा था। सभी बदमाश अपने साथ एक मेटाडोर में पहुंचे थे। रात को ही गांव के लोगों ने नंदिनी पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मेटाडोर समेत एटीएम मशीन को जब्त किया है। एटीएम को उखाड़ते समय लोहे का सामान का उपयोग बदमाशों द्वारा किया जा रहा था। इसके कारण तोड़ने की आवाज भी आ रहा था। बदमाशों ने अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से गायब हो गए। पुलिस आसपास के संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। इसके अलावा सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि एटीएम मशीन व मेटाडोर को जब्त किया गया है।

सीसी टीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

एटीएम मशीन उखाड़ कर उसे ले जाने में जिस मेटाडोर वाहन का उपयोग किया गया था। पुलगांव थाना के गनियारी से मेटाडोर वाहन चोरी हुई। संदेह जताया जा रहा है कि उक्त मेटाडोर यही हो सकता है। फिलहाल जांच के बाद ही मेटाडोर कहां की है स्पष्ट हो पाएगा। मेटाडोर वाहन छोड़कर फरार होने वाले बदमाशों की जानकारी पुलिस जुटाने में लगी है। पुलिस ननकठी में एटीएम बूथ के नजदीक और गनियारी में मेटाडोर चोरी वाली जगह की जानकारी जुटाई जा रही है।

स्मृति नगर चौकी के बाहर युवकों की लात घूंसों से पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

घूरने को लेकर छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक शंकराचार्य विश्वविद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान मंच के पास जमकर बहस हुई। बहस इतना बढ़ गया कि कुछ देर बाद दोनों पक्षों के छात्र आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते यह बहस हाथापाई में बदल गई और छात्रों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाना शुरू कर दिया। विश्वविद्यालय प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत बीच-बचाव कर छात्रों को अलग किया। दोनों पक्ष कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलने के बाद स्मृति नगर पुलिस चौकी के गेट के पास ही दोनों गुटों जमकर मारपीट करने लगे। इस मारपीट में छात्र ईशान चंद्रवंशी को चोटें आई हैं। पुलिस ने किसी तरह हालात पर काबू पाया और छात्रों को थाने लाया और पूछताछ शुरू की। घटना का वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें स्मृति नगर पुलिस चौकी के नाकामी को बताया जा रहा है। एक बार फिर स्मृति नगर पुलिस चौकी इस तरह के घटने में सुर्खियों में आ गया है। पुलिस ने ईशान चंद्रवंशी की शिकायत पर आदित्य गिरी, दर्सील यादव, शिवम, वसीम खान के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस दौरान सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय के वार्षिक कार्यक्रम के दौरान छात्रों में विवाद हुआ था, जो बाद में थाने के सामने तक पहुंच गया।

▪ वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में हुए विवाद के दो गुटों में हुई मारपीट

▪ घुरने को लेकर हुआ था विवाद पुलिस ने किया अपराध दर्ज

आकाशगंगा सब्जी मंडी में रेजा के साथ गाली गलौज और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रेजा के साथ गाली गलौज मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि संजय नगर निवासी उदासा साहू आकाश गंगा सब्जी मंडी में सब्जी ढोने का काम करती है। गुरुवार की सुबह मंडी गई हुई थी, सब्जी विक्रेता संजू साव ने महिला का पुराना बचा रकम की मांग की। लेकिन संजू साव उसे गाली गलौज कर बाल खिंचकर जमीन में गिराकर जमकर मारपीट किया है। घटना में महिला के सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है। घटना की खबर लगने पर मंडी में काम करने वाली सभी रेजा महिलाएं पहुंची और संजू साव की गिरफ्तारी करने की मांग करने लगी। महिलाओं का आरोप था कि मंडी में रेजा काम करने वाले के साथ गाली गलौज हमेशा किया जाता है। जिसे लेकर महिला रेजाओं में जमकर आक्रोश है। शिकायत दर्ज होने के बाद संजू साव फरार हो गया है।

▪ महिलाएं पहुंची सुपेला थाना, आरोपी है फरार

भाजपा का 11 किमी सांसद यूनिटी मार्च आज

भिलाई। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के तत्वावधान में यूनिटी मार्च (पद यात्रा)का आयोजन 14 नवम्बर को किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी भाजपा प्रवक्ता प्रेमलाल साहू ने दिया है। उन्होंने बताया कि 11 किलोमीटर लंबी पद यात्रा भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में निकाली जाएगी। यात्रा का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता एवं सरदार पटेल के योगदान को जन-जन तक पहुँचाना है। पदयात्रा का शुभारंभ वैशाली नगर विधानसभा, तीन दर्शन मंदिर, कैंप 2 से होगा। सांसद विजय बघेल के साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन , अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा समेत पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारी मौजूद होंगे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

परिजनों व डॉक्टरों का बयान लिया

नसबंदी के बाद दो महिलाओं की मौत, राज्य की विशेष जांच टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिला अस्पताल में नसबंदी के बाद दो महिलाओं की मौत की जांच अब राज्य की विशेष टीम कर रही है। शुक्रवार को राज्य की पांच सदस्यीय डॉक्टरों की टीम जिला अस्पताल पहुंची। यहां टीम ने डॉक्टरों और स्टॉफ नर्स के बयान लिए हैं। मृतकों के परिजनों को भी बुलाया गया था। परिजनों के भी बयान टीम ने दर्ज किए हैं। सुबह 11 बजे से आई यह टीम पूरे शाम तक यहां रही। टीम ने आपरेशन थिएटर का भी निरीक्षण किया है। यहां इस्तेमाल होने वाले संसाधनों और उपकरणों की स्थिति का अवलोकन किया और जानकारी जुटाई। टीम हर पहलू पर जांच कर रही है कि कहीं उपकरणों के इंफेक्शन की वजह से तो यह घटना नहीं हुई। मुख्य बिंदु नसबंदी करने वाले डॉक्टरों पर केंद्रित हैं। उन पर यह आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से ये मौतें हुई है। जांच टीम के अध्यक्ष डॉ. निर्मला यादव हैं। सदस्यों में डॉ. टीके टोंडर, डॉ. प्रीति नारायण, डॉ. चंद्रा राव और डॉ. निकिता पवार ने विभिन्न पहलूओं पर जानकारी जुटाई। नसंबदी करने वाले व एनेस्थेसिया देने वाले डॉक्टरों के भी बयान लिए गए हैं।

पोस्टमार्टम में फेफड़े में मिला था पानी

नसबंदी सर्जरी के बाद मृत दोनों महिलाओं के पोस्टमार्टम में उनके फेफड़े में पेट का पानी मिला है। इससे ऑपरेशन से पहले कुछ न खाने की मनाही के बाद भी दोनों के द्वारा कुछ खाने-पीने की संभावना जाहिर की गई, लेकिन इससे भी दोनों की मौत की वजह दवा रिएक्शन साबित नहीं हुआ। इसलिए फेफड़ा, ब्रेन, स्टमक, स्पलीन आदि का टुकड़ा फोरेंसिक जांच के लिए रायपुर भेजा गया है। मृतक महिलाओं में एक दुर्ग बजरंग नगर निवासी 27 वर्षीय पूजा यादव और दूसरी सिकोलाभाठा निवासी 30 वर्षीय किरण यादव है। जिला अस्पताल में पूजा की सिर्फ नसबंदी और किरण की पहले सिजेरियन डिलिवरी और उसके तुरंत बाद नसबंदी की गई थी। डॉक्टरों के मुताबिक नसबंदी के दौरान ही दोनों का अकड़न के साथ झटके आने लगा। आनन-फानन में आईसीयू शिफ्ट कराया गया था जहां दोनों की मौत हो गई थी।

बी.एम. कॉलेज
BMC विद्या ददाति विनयम्
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

नशाखोरी और हत्याओं की घटनाओं में बढ़ोतरी, लोगों में भय का वातावरण

शहर में बढ़ रहे अपराध और नशाखोरी के खिलाफ कांग्रेसियों ने कलेक्टर व एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ने गुरुवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को शहर में बढ़ रहे अपराध एवं नशाखोरी रोकने ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि शहर में लगातार नशाखोरी और हत्याएं की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। इससे लोगों में भय का वातावरण है और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। दुर्ग जैसे शांतिप्रिय शहर में ऐसी घटनाएं होना शहर की जनता के लिए चिंतनीय है। पुलिस प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

नशाखोरी में जो युवा पीढ़ी जा रही है उस पर रोक लगाए क्योंकि यही अपराध की मुख्य जड़ है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दीपक दुबे, पूर्व महापौर आर एन वर्मा, नंदकुमार सेन, नगर निगम दुर्ग के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, छाया महापौर प्रेमलता साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह, पार्षद विजेंद्र पटेल, भास्कर कुंडले, पूर्व पार्षद अशोक मेहरा,

- शहर में बेखौफ घूम रहे अपराधी
- ऐसी घटनाएं होना शहर की जनता के लिए चिंतनीय

राजकुमार नारायणी, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, भोला महोबिया, मनोज सिन्हा, हेमंत तिवारी, संजू धनकर, आनंद कपूर ताम्रकार, शत्रुघन चक्रधारी, कल्याण सिंह ठाकुर, सेवादल अध्यक्ष विकास सापेकर, भीम सेन, राजकुमार वर्मा, संजय बत्रा, चिराग शर्मा, माहेश्वरी ठाकुर, कमलेश नागरची, मीना मानिकपुरी, मोहन सिन्हा, त्रिशरण डोंगरे,सुमीत घोष, रत्ना नारमदेव, मोहित वाल्दे, गौरव उमरे, आयुश शर्मा, नरेंद्र सोनकर, बृजमोहन तिवारी, अली असगर, शिव वैचंदे, सुरेश जंघेल, सुधीर चंदेल उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों के लिए ध्यान शिविर 16 को

दुर्ग। थानौद स्थित विपश्यना ध्यान केंद्र में 16 नवंबर को विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया है। केंद्र आचार्य सीताराम साहू ने बताया कि सभी बच्चे आज तेजी से बदलती दुनिया में बड़े हो रहे हैं। उन्हें अपने समक्ष आने वाली चुनौतियों का सामना करने और अपनी पूरी क्षमता विकसित करने के लिए जीवन कौशल की आवश्यकता होती है। व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए धम्मकेतु विपश्यना ध्यान केंद्र थानौद में रविवार 16 नवंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 10 से 17 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आनापान ध्यान शिविर निःशुल्क आयोजित है। संचालन बाल शिविर शिक्षिका लीनू डेहरिया व निधि फूलझरे करेंगी।

श्रीमद भागवत कथा पाटन में आज से

सेलूद। इंदिरा नगर पाटन निवासी पिन्टु वर्मा व उनके परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 14 नवंबर से किया जा रहा है। कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडेय महराज होंगे। कथा का समय दोपहर 1 बजे से व स्थान बिजली आफिस के पीछे इंदिरा नगर पाटन में होगा।

इंटक ने प्रबंधन से की स्कीम चालू रखे जाने की मांग

रिटेंशन स्कीम बंद करने से बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मियों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक ने भिलाई में रिटेंशन स्कीम बंद किए जाने को लेकर आक्रोश जताते हुए रिटेंशन स्कीम को पहले की तरह जारी रखने की मांग की है। यूनियन ने कहा कि स्कीम को बंद करने से सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिवार को परेशानी होगी।

इंटक कार्यालय में हुई यूनियन की हुई बैठक में भिलाई प्रबंधन द्वारा रिटेंशन स्कीम में मनमाने तरीके से परिवर्तन करने एवं वर्तमान में इसे बंद रखने के निर्णय पर पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में भिलाई प्रबंधन ने टाउनशिप के क्वार्टर अलॉटमेंट की पूरी प्रक्रिया में आमूलचूल परिवर्तन किया है । किसी भी व्यवस्था को बदलने से पूर्व यूनियनों से कोई चर्चा नहीं किया जा रहा । यह प्रबंधन की पूरी तरह से मनमानी वाला निर्णय है । वर्तमान में जिस तरह से कंपनी के खाली क्वार्टरों पर कब्जे हो रहे हैं उसे बचाने की बजाय कर्मचारियों से क्वार्टर खाली करने पर प्रबंधन आतुर है । एक तरफ सेल प्रबंधन एरियर, हाउस रेंट अलाउन्स सहित अन्य मुद्दों पर तानाशाही रवैया अपनाए हुए है,दूसरी तरफ भिलाई प्रबंधन भी उसी राह पर चलते हुए पहले सब्जेक्ट वेकेशन को बंद किया अब रिटेंशन स्कीम को ही बंद करते जा रहे हैं । इससे कर्मचारियों को परेशानी बढ़ रही है।यूनियन महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र के शीर्षतम अधिकारी यदि भिलाई की किसी व्यवस्था में परिवर्तन करना चाहते हैं तो वह यूनियन से भी सलाह लिया करें । बीएसपी ने सेल में जिन ऊंचाइयों को प्राप्त किया है वह यूनियन एवं प्रबंधन के बेहतर तालमेल के कारण ही संभव हो पाया है ।

पहले बंद हो चुकी है सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम

खाली क्वार्टरों के लिए नहीं है कोई योजना

महासचिव ने कहा कि कंपनी के बहुत सारे क्वार्टर खाली हो गए हैं एवं प्रबंधन के नियमों से खाली होंगे प्रबंधन के पास इन खाली क्वार्टरों को बचाने की कोई रूपरेखा नहीं है उन्होंने कहा कि किसी कर्मचारी द्वारा एलाटेड या रिटेंशन में लिए गए क्वार्टर के दुरुपयोग का इंटक यूनियन बिल्कुल समर्थन नहीं करेगा लेकिन कर्मचारियों की परेशानियां को देखते हुए टाउनशिप में जो भी सुविधा जारी रखी गई है उसे मनमाने तरीके से बंद किए जाने का यूनियन विरोद विरोध करते हैं । यूनियन कर्मचारियों से बार-बार यह अपील भी करते हैं कि कंपनी के नियम एवं शर्तों का कर्मचारी पालन करें । बैठक में रिटेंशन स्कीम को चालू रखे जाने की मांग की गई। बैठक मेंकार्यकारी अध्यक्ष पूरण वर्मा वरिष्ठ सहित एस रवि गिरिराज देशमुख, अजय कुमार मार्टिन, सच्चिदानंद पांडे, सहायक कोषाध्यक्ष जी आर सुमन उप महासचिव शिव शंकर सिंह धनेश प्रसाद रेशम राठौर आदि उपस्थित थे ।

एक बार जीत से कोई सिकंदर नहीं बनता और हार से फकीर : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन ग्राम पुरई में किया गया। आयोजन के प्रथम दिन खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दौड़, बॉलीबॉल एवं खो-खो खेल का आनंद लिया। साथ ही विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किए।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा जिंदगी एक खेल की तरह है और हमें खेल खेलना चाहिए। खेल के एक, नहीं अनेक फायदे होते हैं। खेल में हार-जीत लगी रहती है। एक बार जीत से कोई सिकंदर नहीं बन जाता एवं एक बार हार से फकीर नहीं बन जाते है। हार और जीत सोच पर भी निर्भर करती है, मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है। हमारी सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबध्द है। जब से हमने खेलों के विकास करते हुए खिलाड़ियों के सम्मान में सन 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के खेल अलंकरण पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही हमारी सरकार ने युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ खेल युवा रत्न पुरस्कार देने की घोषणा किए है। विधायक ने सभी से निवेदन किया कि अभी मतदाता सूची का पूर्णनिरक्षण चल रहा है, इसमें सहयोग करते हुए सही जानकारी प्रदान करना है। किसी का नाम गलत ना हो, जिन मतदाताओं का मौत हो गया है ऐसा मतदाता का नाम कटवाना है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ रूपेश कुमार पांडे, भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री चंदू देवांगन एवं प्रवीण यदु, डोमार सिंह साहू, मंजू वर्मा, किशोर साहू, फलेंद्र राजपूत, फत्ते लाल वर्मा, सांसद प्रतिनिधि छबि लाल साहू आदि मौजूद थे।

इन खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

खेल गेड़ी दौड़ में प्रथम तुषार यादव, द्वितीय हेम शंकर यादव, खुर्सी दौड़ , प्रथम गुंजन साहू, द्वितीय नंदनी साहू, प्रथम सोनाली साहू, द्वितीय खुशबू साहू, फुगड़ी में प्रथम कृतिका, द्वितीय खेमलता विश्वकर्मा, फुगड़ी में चंचल प्रथम, द्वितीय जानवी, कबड्डी बालिका वर्ग प्रथम खोपली, द्वितीय रिसाली, प्रथम उतई, द्वितीय रिसाली, खो खो बालिका वर्ग में प्रथम खोपली, द्वितीय उतई, बालक वर्ग में प्रथम पुरई, द्वितीय रिसाली निगम, दौड़ बालक वर्ग में प्रथम प्रवीण देवांगन, ओमकार मांडवी, दौड़ बालक प्रथम सोनल निर्मलकर, द्वितीय शुभम मिश्रा, बालक वर्ग दौड़ 100 मीटर में ललित साहू प्रथम, द्वितीय दिव्या यादव, तृतीय दिव्या कुमारी पटेल, 400 मीटर दौड़ में प्रथम ट्विंकल पटेल, द्वितीय जागृति साहू, तुमेश्वरी साहू, तेजेश्वरी साहू रहे। इन विजेताओं का सम्मान विधायक ललित चन्द्राकर द्वारा किया गया।

हरिद्वार से दुर्ग स्पेशल ट्रेन का दुर्ग में स्वागत, ट्रेन को नियमित चलाने की मांग

दुर्ग। हरिद्वार से दुर्ग आने वाली स्पेशल ट्रेन के आगमन पर दुर्ग रेलवे स्टेशन में सामाजिक कार्यकर्ता और स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने ट्रेन का स्वागत किया।

ट्रेन के लोको पायलट अजय वर्मा और सह पायलट दिनेश कुमार को माल्यार्पण कर सम्मानित किया

गया।डॉ. पाणिग्राही ने कहा कि छत्तीसगढ़ से हरिद्वार के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है, जबकि इसकी मांग लंबे समय से की जा रही है।

उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल प्रशासन से इस ट्रेन को नियमित करने की मांग की है। रेल प्रशासन ने इस दिशा में पहल करते हुए इस सप्ताह दो विशेष ट्रेनों का संचालन तय किया है जिसमें दुर्ग से हरिद्वार 9 और 16 नवंबर (ट्रेन नंबर 08743), हरिद्वार से दुर्ग 10 और 17 नवंबर (ट्रेन नंबर 08744) शामिल है। डॉ. पाणिग्राही ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा भी इस सेवा के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने रेल मंत्री को संदेश भेजकर समता सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12807) को निजामुद्दीन से हरिद्वार तक बढ़ाने की भी मांग दोहराई है।

इस अवसर पर उन्होंने दुर्ग स्टेशन के चीफ स्टेशन मैनेजर हिमांशु कुमार और पूरे स्टेशन स्टाफ को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने किया शीतला माता मंदिर में विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने गुरुवार को शीतला माता मंदिर में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इससे पहले मंत्री उन्होंने माता शीतला मंदिर पहुंचकर माता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर डोमशेड, मंच एवं अहाता निर्माण के लिए 60 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्य का शुभारंभ किया। माता शीतला मंदिर जो वार्ड क्रमांक 9 और 5 के समीप स्थित है, आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केन्द्र माना जाता है। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि चण्डी माता मंदिर और शीतला माता मंदिर दुर्ग जिले की आस्था और शक्ति के प्रतीक हैं। माता शीतला के चरणों का जल यदि बच्चों पर छिड़का जाए, तो बीमारियां दूर होती हैं। यादव ने आगे कहा कि डोमशेड का निर्माण भव्य और दिव्य रूप में किया जाएगा, ताकि आने

- 60 लाख की लागत से हो रहा निर्माण कार्य

वाली पीढ़ियां इसकी सुंदरता और आस्था की भावना को अनुभव कर सकें। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, पार्षद निलेश अग्रवाल एवं ज्ञानेश्वार ताम्रकार, सभापति श्याम शर्मा, कार्यपालन अभियंता जेके मेश्राम तथा अनुविभागीय अधिकारी सीके सोने तथा कमलेश फेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

उपभोक्ताओं को बड़ी राहत: कर्मचारी नगर विद्युत उपकेंद्र की बढ़ी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत जवाहर नगर जोन के अंतर्गत 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र कर्मचारी नगर की क्षमता में वृद्धि की है।

उपकेंद्र में 65.99 लाख रुपये की लागत से 3.15 एमवीए का एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिसे 12 नवंबर को सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। इस अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के लगने से उपकेंद्र की कुल क्षमता 10 एमवीए से बढ़कर 13.15 एमवीए हो गई है। उक्त कार्य उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 4000 उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि पूर्व में सबस्टेशन में स्थापित 5 एमवीए के दोनों ट्रांसफार्मर अक्सर ओवरलोड हो जाते थे, जिसके कारण लो वोल्टेज और लोड शेडिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से अब इन समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी।

क्षमता वृद्धि से आईएचएसडीपी कॉलोनी, जयंती नगर, साईं नगर, सिकोला भाटा, सिकोला बस्ती, मुखर्जी नगर, प्रेम नगर, विजय नगर, मोहन नगर, करहीडीह एवं रांका के लगभग 4000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

स्टूडेंट्स ने जाना बालकों का कानूनी अधिकार हेल्प लाइन नंबर 1098 की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बाल दिवस के उपलक्ष्य पर हनोदा स्कूल में हर बालिका राष्ट्र की पूंजी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सखी वन स्टॉप सेंटर केन्द्र

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हनोदा में बालिका राष्ट्र की पूंजी कार्यक्रम आयोजित

सरकार द्वारा संचालित एक अम्ब्रेला योजना है, जिसके अंर्तगत महिलाओं को एक ही छत के नीचे मुख्य रूप से पांच प्रकार सुविधाएं मुहैया कराई जाती है, ये सुविधाएं आश्रय, परामर्श, चिकित्सा, विधिक सहायता व पुलिस की सहायता हैं। इस कार्यक्रम में विभागीय जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में बताया गया। किसी भी संकटग्रस्त एवं संदिग्ध बच्चे की सहायता हेतु इस टोल फ्री नंबर का उपयोग किया जा सकता है। पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन शोषण और उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया एक कानून है। यह कानून यौन अपराधों को परिभाषित करता है, जिनमें यौन उत्पीड़न, यौन हमला और पोनोग्राफी शामिल है। इस अधिनियम के तहत 18 साल से कम उम्र के बच्चे की सहमति अप्रासंगिक है और यौन शोषण के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। 12 साल से कम उम्र के बच्चे के साथ बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास या मृत्युदंड तक की सजा हो सकती है। यौन हमले के मामलों में कम से कम 10 साल की कठोर कैद की सजा हो सकती है।

बेटियों के अधिकार पर निबंध, भाषण और कविता का आयोजन

स्कूली बालिकाओं के बीच परिवार में बेटियों के अधिकार थीम के अनुरुप निबंध प्रतियोगिता, लघु भाषण प्रतियोगिता एवं कविता वाचन प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने रुचि दिखाते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वयं के अधिकार, समाजिक कुरीतियों जैसे लिंग भेदभाव, समान शिक्षा का अधिकार, पैतृक संपत्ति में बेटियों का अधिकार जैसे अहम मुद्दों पर अपने विचार उपरोक्त प्रतियोगिताओं के माध्यम से साझा किए। इसके साथ ही भविष्य में समाज के साथ कदम से कदम मिला कर चलने की कही। विभाग की टीम व अपने गुरुजनों के समक्ष भविष्य के प्रति अपनी संकल्पनाओ को पूरे आत्मविश्वास के साथ अभिव्यक्त किया। भाषण, कविता व निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्राचार्य सुभाषिणी झा, शिक्षकगण व विभाग के विभागीय कर्मचारी एचं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शाला प्रबंधन समिति उरला के हरीश साहू अध्यक्ष और मधु बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला उरला बीएमवाई का युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत संविलयन किया गया है। दोनों विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति को भंग कर संयुक्त रूप से नए शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया।

पालकों व शिक्षकों की बैठक में हरीश साहू को अध्यक्ष तथा मधु यादव को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं ईश्वर लाल साहू पार्षद को जनप्रतिनिधि तथा महानंदेश्वर साहू को शिक्षाविद के पद पर रखा गया है। समिति के अन्य सदस्यों में बिंदेश्वरी सेन, कुमारी बाई निर्मलकर, भारती ध्रुव, जया साहू, योगेश्वरी ठाकुर, लखेंन्द्र बंजारे, डागेश्वर साहू, डायमंड निषाद, और पूर्णिमा साहू को शामिल किया गया है। इसी प्रकार शाला के प्रधान पाठक महेंद्र कुमार वर्मा को संयोजक और वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार नेताम को सहसंयोजक रखा गया है। सभी सदस्यों ने शाला के विकास व शिक्षा में निरंतर निगरानी के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

देशभर में मनाया जा रहा जनजातीय गौरव पखवाड़ा, छत्तीसगढ़ में विशेष

देश की आजादी के जनजातीय वीरों को नमन करने में हुई 75 साल की देरी, सम्मान में कल निकलेगी प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आजादी के 75 साल बाद देश उन वीरों को याद कर रहा है, जिन्होंने बिना किसी प्रसिद्धि या पहचान के अपने प्राणों की आहूति दी। आजादी की लड़ाई में जहां पंडित नेहरू और महात्मा गांधी जैसे नेता अग्रणी रहे, वहीं जनजातीय नायकों ने भी उतनी ही शौर्यपूर्ण भूमिका निभाई। दुर्भाग्य यह रहा कि इन जनजातीय वीरों को इतिहास के पन्नों में कभी वह स्थान नहीं मिला जिसके वे हकदार थे।

इतिहास के पन्नों में कभी भी इन जनजाती नायकों को 75 साल में कभी याद नहीं किया गया। भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने कहा कि अब जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार हर साल 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष 2025 में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवंबर तक पूरे देश में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा, कला और लोक जीवन को प्रदर्शित किया जाएगा। देवलाल ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों और छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जनजातीय आवासीय विद्यालयों में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जीवन परिचय, भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव व लोक नृत्य प्रतियोगिता जैसे सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। प्रदेश स्तरीय आयोजन का मुख्य कार्यक्रम सरगुजा जिले में 19 से 20 नवंबर को रखा गया है। जनजातीय गौरव पखवाड़े के दौरान जनजागरूकता यात्रा, प्रभात फेरी, प्रदर्शनी और विशेष सेवा शिविर भी लगाए जाएंगे। इनमें आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सेवाएं दी जाएंगी। सरकार का उद्देश्य जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत, स्वावलंबन और विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रेस कांफ्रेंस में भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला प्रवक्ता प्रेमलाल साहू आदि उपस्थित थे।

जनजातीय गौरव पखवाड़े में आजादी के असली वीरों को किया जाएगा नमन

देवलाल ठाकुर ने कहा कि 1857 की क्रांति से पहले ही आदिवासी अंचल के सपूतों ने अपनी मशाल जला दी थी। उन्होंने केवल भूमि और स्वाधीनता की रक्षा नहीं की, बल्कि अपनी धर्म, संस्कृति और परंपरा की अस्मिता के लिए भी संघर्ष किया। झारखंड से लेकर छत्तीसगढ़, बिहार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना तक जनजातीय नायकों ने देश की आजादी के लिए संगठित संघर्ष किया। उनके त्याग और बलिदान को अब जनजातीय गौरव पखवाड़े के जरिए सम्मानित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान इन वीरों के योगदान को याद किया जाएगा और उनके आश्रितों का सम्मान किया जाएगा। यह पहल सिर्फ इतिहास को सुधारने की नहीं, बल्कि उस अनदेखे संघर्ष को राष्ट्र के गौरव का हिस्सा बनाने की है।

खबर संक्षेप

पूर्व छात्रों ने दिया प्रोजेक्टर बच्चों की पढ़ाई होगी आसान

सेलूद। शासकीय प्राथमिक शाला तर्रा के भूतपूर्व छात्र डॉ हरिनारायण दुबे सेवानिवृत्त प्राचार्य कल्याण महाविद्यालय भिलाई,डॉ बेला दुबे प्रोफेसर, बसन्त दुबे,कमला तिवारी,सरल शर्मा सेवानिवृत्त शिक्षिका एवम पूरे दुबे परिवार रवेली के द्वारा विद्यालय को प्रोजेक्टर-स्क्रीन प्रदान किया गया। इस दौरान बच्चों को स्टेशनरी एवम फल मिठाई का वितरण किया गया। बच्चों के लिए न्यौता भोजन का आयोजन किया गया।सभी ने आज से 70 वर्ष पहले तर्रा स्कूल में पढ़ाई जीवन का अनुभव बाँटे। इस कार्यक्रम में रज्जू सोनी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, सरपंच विपिन चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेश्वर, नरसिंह चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर अध्यक्ष ग्राम शिक्षा समिति,रामेश्वर कोसे, प्राचार्य अजय शर्मा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रोहित साहू ने किया।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार किशोर कुमार पटेल आ० कन्हैया पटेल, मठपारा लखोली राजनांदगांव हक व स्वामित्व में ग्राम अरसनारा प.ह.नं. 15 तह. व जिला दुर्ग के ख.न. 277 का टुकड़ा 0.6590 हेक्टे. भूमि स्थित है जिसमें से 0.563 हे० को विक्रय करने का लिखित इकरारनामा मेरे पक्षकार द्वारा करतार सिंह अलरेजा, पुरुषोतम सोनी, मोदित पटेल के साथ किया गया था, किन्तु उक्त क्रेतागणों द्वारा इकरारनामा में दिये गये शर्तों के अनुसार रकम का भुगतान नियत अवधि में न करने पर इकरारनामा का उल्लंघन किया गया है।

अतः मेरे पक्षकार की ओर से उक्त भूमि को विक्रय किये जाने किये गये इकरारनामा को समाप्त कर भंग / निरस्तीकरण किया जा चुका है व क्रेतागणो के रजि. नोटिस प्रेषित करवा कर अवगत करा दिया गया है व ब्यानी की रकम भी लौटा दी गई है।

अतः कोई भी व्यक्ति, शासकीय अर्धशासकीय संस्थान बैंक आदि उक्त भूमि के इकरारनामा 17.05.2025 के आधार पर कोई संव्यवहार न करे अन्यथा वे स्वयं दायित्वधीन होंगे।

दुर्ग
दिनांक : .11.2025 भवदीय
आशिष शुक्ला (अधिवक्ता)
निवास पता-बम्लेश्वरी कॉलोनी
मयूरी हाईट्स के पास, बोरसी, दुर्ग
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
Mob-94255-59832

धान खरीदी को लेकर किसान ज्यादा संशय की स्थिति में

राज्य सरकार और हड़ताली कर्मचारियों के बीच टकराव जारी, सुलह के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

धान खरीदी की उल्टी गिनती शुरु हो चुकी है लेकिन अभी तक शासन और कर्मचारियों के सुबह सुलह के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। सरकार द्वारा कर्मचारियों के मांगों को नहीं माना जा रहा है तो वहीं कर्मचारियों द्वारा भी शासन के कार्य में वापस लौटने के आदेश को नहीं मान रहे हैं। कुल मिलाकर दोनों पक्षों में टकराव की स्थिति स्पष्ट दिखाई दे रही है । लेकिन इस टकराव से सबसे ज्यादा नुकसान तीसरे पक्ष अर्थात् किसानों को है क्योंकि किसानों को मालूम है कि धान खरीदी में अनुभवी कर्मचारियों के वापस आने के बाद ही सहज रूप से खरीदी हो पायेगी। अभी अन्य विभागों के कर्मचारियों को कार्य में लगाकर खरीदी प्रारम्भ करने के लिए तैयारी कर रहे हैं लेकिन उनके इस तैयारी से सबसे ज्यादा संशय किसानों को है क्योंकि अब आधुनिक युग में आधुनिक कटाई होने के कारण किसान खलिहान नहीं बनाते हैं खेतों से सीधे कटाई के बाद धान को घर या गांव के चौक-चौराहे में धान के टोकन के दिन तक रखकर रखवाली करते हैं। ऐसे में यदि धान खरीदी प्रभावित हुआ तो किसानों को लंबे समय तक रखवाली करना पड़ सकता है। इसलिए किसान कर्मचारियों व शासन के बीच सुलह होने के बाद ही धान कटाई व टोकन काटने का मन बना रहे हैं।

पहले दीपावली त्योहार, फिर वर्षा और अब हड़ताल के कारण किसान धान की कटाई करने से परहेज कर रहे हैं। किसानों ने शासन से कहा है कि कर्मचारियों के मांगों पर शीघ्र विचार कर इस गतिरोध को दूर करे जिससे धान खरीदी सहज रुप से चल सके।

सहकारी समितियों और ऑपरेटरों की चार सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ 11 वाँ दिन प्रदर्शन जारी है। दुर्ग जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती, हड़ताल जारी रहेगा। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में वर्ष 2023-24 के सुखत की भरपाई, प्रत्येक समिति को तीन लाख रुपये का प्रबंधकीय अनुदान, ऑपरेटरों को नियमित कर 12 महीने का वेतन और भर्तियों में सहकारी समिति के कर्मियों को प्राथमिकता देना शामिल है।

हड़ताल के 11 वे दिन भी बात नहीं बनीं, गतिरोध जारी

तकनीकी समस्याओं से किसान हो रहे परेशान

परेशान किसानों को 9 नवंबर से टोकन मिलने की बात कही गई लेकिन 13 नवंबर को टोकन मिलना शुरु हुआ है। उसमे भी टोकन तुम्हर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन टोकन व्यवस्था की गई है, लेकिन तकनीकी समस्याओं के कारण किसान परेशान हैं। केंद्र द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। हड़ताली कर्मचारियों को सेवा सहकारी समिति में नियुक्त प्राधिकृत अध्यक्ष के द्वारा कारण बताओ नोटिस और सेवा समाप्ति करने का आदेश भी दिया गया है जिसमें 13 नवंबर को शाम 3 बजे तक अपना जवाब कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया। अन्यथा की स्थिति में यह मानते हुए कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है एवं आपको आरोप स्वीकार है, प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी के सेवायुक्तों के लिए सेवानियम 2018 के तहत आपकी सेवा समाप्त कर दिया जायेगा । अन्यथा की स्थिति में सेवानियम की कंडिका-16 के तहत जनहित के कार्य प्रभावित होने से आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का भी लेख किया गया था। आपका यह कृत्य गंभीर दुराचरण की श्रेणी में आता है।

अवैध लकड़ी कटाई का हुआ पर्दाफाश, ट्रक सहित जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसकोल में अवैध रूप से लकड़ियों की कटाई और परिवहन का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार की देर रात कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें नीम, इमली, बेर और रिआं जैसी प्रजातियों की लकड़ियाँ लदी हुई थीं। जांच में पाया गया कि लकड़ियों की कटाई बिना अनुमति की गई थी और उनका परिवहन भी अवैध रूप से बिना वैध पास या चालान के किया जा रहा था। टीम ने मौके पर ही ट्रक को जब्त कर लिया और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वन विभाग ने इस मामले में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(1) और वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है।

■ अंचल में बढ़ रही अवैध कटाई, कड़ी निगरानी जरुरी

विभागीय सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई में कई अन्य लोगों की संलिप्तता की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से इस क्षेत्र में लगातार अवैध पेड़ कटाई और लकड़ी परिवहन का सिलसिला जारी है। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आया और यह कार्रवाई संभव हो सकी। वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कि "अवैध कटाई और परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जा रही है ताकि ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों।"

सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीणों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत खेलो इंडिया सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम सांकरा में किया गया। जिसमें सांसद खेल महोत्सव में दौड़,खुर्सी दौड़, कब्बड़ी, खो खो , वेट लिफ्टिंग,फुगड़ी सहित कई खेलों में ग्रामीणों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सरपंच रवि सिंगौर ने बताया कि जो ग्रामीण स्तर से खेल कर संकुल स्तर में खेल रहे है,जितने वाले बच्चे विधान सभा और फिर लोक सभा स्तर में खेल कर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति श्रीमती नीलम राजेश चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, सांसद प्रतिनिधि पाटन राजेश चंद्राकर,ग्राम पंचायत सरपंच रवि सिंगौर, ग्राम पंचायत मोतीपुर सरपंच मोहन लोधी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संकुल स्तर के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित जनपद पंचायत पाटन के कर्मचारियों को उपस्थिति रही।

■ ग्रामीणों की भागीदारी से आयोजन हुआ सफल

बेटियों की सुरक्षा से जुड़े कानूनी पहलुओं को समझा लोगों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बाल दिवस के उपलक्ष्य में अभिव्यक्ति कार्यक्रम में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हनोदा, दुर्ग में "हर बालिका राष्ट्र की पूंजी " का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि सखी वन स्टॉप सेंटर केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एक अम्ब्रेला योजना है जिसके अंतर्गत महिलाओं को एक ही छत के नीचे मुख्य रुप से आश्रय, परामर्श, चिकित्सा, विधिक सहायता व पुलिस की सहायता की सुविधाएं मुहैया कराई जाती है।

इस कार्यक्रम में विभागीय जानकारी जैसे, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में बताया गया कि किसी भी संकटग्रस्त एवं संदिग्ध बच्चे की सहायता हेतु इस टोल फ्री नंबर का उपयोग किया जा सकता है। पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन शोषण और उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाया गया एक कानून है। यह कानून यौन अपराधों को परिभाषित करता है, जिनमें यौन उत्पीड़न , यौन हमला और पोनोग्राफी शामिल है। इस अधिनियम के तहत 18 साल से कम उम्र के बच्चे की सहमति अप्रासंगिक है और यौन शोषण के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। 12 साल से कम उम्र के बच्चे के साथ बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास या मृत्युदंड तक की सजा हो सकती है। यौन हमले के मामलों में कम से कम 10 साल की कठोर कैद से लेकर आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा को सकती है। स्कूली बालिकाओं के बीच "परिवार में बेटियों के अधिकार" थीम के अनुरुप निबंध प्रतियोगिता, लघु भाषण प्रतियोगिता एवं कविता वाचन प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने रुचि दिखाते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं स्वयं के अधिकार, समाजिक कुरीतियों जैसे- लिंग भेदभाव, समान शिक्षा का अधिकार और पैतृक संपत्ति में बेटियों का अधिकार जैसे अहम् मुद्दो पर अपने विचार प्रतियोगिताओं के माध्यम से साझा किए। इसके साथ ही भविष्य में समाज के साथ कदम से कदम मिला कर चलने की बात कही। विभाग की टीम व अपने गुरुजनों के समक्ष भविष्य के प्रति अपनी संकल्पनाओ को पूरे आत्मविश्वास के साथ अभिव्यक्त किया।

■ बाल दिवस के उपलक्ष्य में अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ हनोदा में

बिजनेस साइट

ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

भिलाई। पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

हनुमान मंदिर परिसर में मिली मासूम, तलाश में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन क्षेत्र के ग्राम खरा से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव के हनुमान मंदिर परिसर में एक दो दिन की नवजात बच्ची को अज्ञात ने छोड़कर गया। मासूम बच्ची को कपड़े में लपेटकर मंदिर के द्वार पर छोड़कर अज्ञात गायब हो गया। सुबह मंदिर में पूजा करने पहुंचे ग्रामीणों की नजर जब उस नवजात पर पड़ी, तो लोग स्तब्ध रह गए। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची टीम ने बच्ची को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है। फिलहाल उसे सुरक्षित रखा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध संबंध को छिपाने के लिए ऐसा किया गया होगा। फिलहाल मासूम के वारिसनों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मंदिर में मिले मासूम के बारे में आसपास में लगे सीसी कैमरों को भी चेक किया जा रहा है।

जिला स्तरीय महिला खेलकूद में दम दिखाया खिलाड़ियों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सेजस स्कूल मैदान सेलूद में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य दुर्ग थे। अध्यक्षता खिलेश्वर मारकंडे ग्राम पंचायत सरपंच सेलूद ने की और विशेष अतिथि जयश्री वर्मा पूर्व जिला पंचायत दुर्ग, एम बंजारे प्राचार्य कन्या शाला सेलूद, एन पी देशकर प्राचार्य सेजस सेलूद थे।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, पूर्व सरपंच ख़ेमीन साहू सहित अन्य थे। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। प्रदेश मंत्री ने यह भी घोषणा की कि सेलूद स्कूल के खेल मैदान को "मिनी स्टेडियम" के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी बेहतर सुविधाओं के साथ अपनी प्रतिभा को निखार सकें। मंच संचालन पाटन खेल प्रभारी संतोष यादव ने एवं किया आभार प्रदर्शन खेल एवं युवा कल्याण विभाग पाटन नोडल अधिकारी पोखन लाल साहू ने किया। मौके पर मुख्य रूप से कौशलेंद्र पटेल क्रीड़ा प्रभारी धमधा, रमेश देवांगन, महेश्वर बंछोर, केशव बंछोर, विजयकांत बंछोर, लक्ष्मण साहू, घनश्याम सोनी, ललित सोनी आदि उपस्थित थे।

भारती विश्वविद्यालय ने मनाया कैंसर जागरुकता कार्यक्रम

दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के जीवन विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस के अवसर पर एक शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कैंसर के निवारक उपायों, प्रारंभिक पहचान एवं उपचार की विभिन्न विधियों से अवगत कराना था। उक्त विषय पर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ प्राध्यापको एवं शोधार्थियों ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. नेहा वर्मा सहायक प्राध्यापक, बीएएमएस, भारती विश्वविद्यालय, डॉ. सरिका सोलंकी सहायक प्राध्यापक तथा वर्षा पटेल शोधार्थी, प्राणीशास्त्र, भारती विश्वविद्यालय उपस्थित रही। वक्ताओं ने कैंसर के रोकथाम के ऐहतियाति कदम ,विभिन्न प्रकार, उसके कारण, प्रारंभिक लक्षण, एवं निदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मानस रंजन होटा प्राचार्य, बीएएमएस एवं डॉ. अमिया भोसलें ,डॉ. नीतू श्रीवास्तव अधिष्ठाता, जीवन विज्ञान संकाय के मार्गदर्शन मे किया गया। इस अवसर पर डॉ. आलोक भट्ट अधिष्ठाता, शैक्षणिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ट्विंकल श्रीवास सहायक प्राध्यापक, सूक्ष्मजीव विज्ञान ने किया। उक्त उपक्रम में लीलम चंद्राकर, स्वीटी तिवारी, प्रियंका सिन्हा, ट्विंकल श्रीवास, सपना पांडे, समीक्षा नैय्यर, भूमिका सिंह, डॉ. राजा प्रभु, निकिता साहू, युक्ति नोनहरे, रोशन नोनहरे, सुप्रिया शर्मा, डॉली चंद्राकर, राजलक्ष्मी, गीतिका साहू एवं सीमा कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन गरिमा बंछोर द्वारा किया गया।

भागवत कथा स्थल में पहुंचे पूर्व गृहमंत्री साहू

विनम्रता से सिद्ध होता है हर कार्य : संत निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आशीष नगर (पश्चिम) सडक नं. 23 रिसाली में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। साहू परिवार के तत्वाधान में आयोजित इस भक्तिमय आयोजन में प्रवचनकर्ता संत निरंजन महाराज भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा कि जीवन मे विनम्र बने, विनम्रता मानव जीवन का आभूषण है। जैसे फलदार वृक्षों की डालियां झुकी रहती है वैसे ही ज्ञानी पुरूष की वास्तविक पहचान उसके विनम्र व्यवहार से प्राप्त होता है, जो जितना ही विद्वान होगा वह उतना ही विनम्र और सरल होगा क्योंकि विद्या विनय प्रदान करती है और याद रखे सहजता में ही भगवान की प्राप्ति हो सकती है असहजता में नही। यहां चौथे दिन गजेन्द्र मोक्ष सागर मंथन और वामन अवतार कथा पर आध्यात्मिक भावाभिव्यक्ति करते हुए परायणकर्ता पं. परमेश्वर महाराज ग्राम लिमतरा ने कहा कि मानव जीवन का सबसे बड़ा जहर कटु वचन है इस जहर को त्याग कर सभी के लिए मीठे वचनों का प्रयोग करे । शस्त्र का घाव दवाई लगाकर ठीक किया जा सकता है लेकिन वाणी का घाव जीवन भर मिटने वाला नही है इसलिए कुछ भी किसी को बोलने से पहले सोच ले कि ये शब्द सुनने वाले के लिए उपयुक्त है कि नही। शास्त्रों में वाणी के पंच आभूषण बताया गया है, सत्य बोलना, हितकारी बोलना, विवाद रहित बोलना, मीठा बोलना,अल्प बोलना ये पंच आभूषण वाणी के है इसे हर जीव को धारण करना है तभी जीवन का द्वंद समाप्त होगा। गुरुवार को पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी कथा स्थल पर पहुंचे। आयोजक हरिशंकर साहू, गायत्री साहू, आशीष साहू और नीलम साहू ने बताया कि कथा समय सुबह 11.00 बजे से 1.30 बजे तक अपरान्ह 3.30 से शाम 6.00 तक है।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प को पूर्ण करने के लिए जुटने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत संकल्प को आप सभी अपनी भूमिका निभाकर पूर्ण करें : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जलाराम वाटिका में कैबिनेट मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव की मुख्य आतिथ्य में हुई। सम्मेलन में उपस्थित नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 और आत्मनिर्भर भारत संकल्प को पूर्ण करने के लिए जुटने का आह्वान किया।

मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि देवतुल्य कार्यकर्ता का यह शब्द हमारे छत्तीसगढ़ और खासकर हमारे दुर्ग के कार्यकर्ताओं पर ज्यादा अच्छा लगता है। भारतीय जनता पार्टी 365 दिन कार्य करने वाली पार्टी है। इन्हें लगातार कार्य दिए जाते हैं लेकिन कार्यकर्ता बिल्कुल भी कार्यक्रम के संपादन में संकोच नहीं करते। आप सभी के मेहनत लगन और संगठन के प्रति जवाब समर्पण को मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं। हाल के ऐतिहासिक जीएसटी क्रांति और उससे पहले आयकर की दरों में ऐतिहासिक छूट देकर, सभी तरह के कर कानूनों का सरलीकरण कर मोदीजी ने विकसित भारत की राह को प्रशस्त किया है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव गतिशील और कैडर पार्टी है। लगातार संगठन के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आते हैं और

आप सभी के द्वारा यह कार्य पूर्ण रूप से किया जाता है। कौशिक ने कहा कि भाजपा जिला संगठन के अंतर्गत पाटन विधानसभा में मतदान केन्द्रों की संख्या 250 और कुल मतदाताओं की संख्या 222681 है। दुर्ग ग्रामीण में 230 मतदान केन्द्र, 222544 मतदाता, दुर्ग शहर विधानसभा में 226 मतदान केन्द्र, कुल मतदाताओं की संख्या 236265 है। संगठन जिले में साजा विधानसभा के धमधा मंडल और लिटिया बोरी मंडल आते हैं। ईआरओ-एईआरओ यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई पत्र नागरिक मतदाता पंजीयन से ना छूटे कोई अपात्र व्यक्ति मतदाता पंजीयन ना हो। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अल्का बाघमार,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता के एस चौहान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी,चंद्रिका चंद्राकर , सभापति श्याम शर्मा, जिला महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, अशोक राठी, सरिता मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रितपाल बेलचंदन, शिव चंद्राकर, मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश फेकर, महेंद्र लोढा, बंटी चौहान मनमोहन शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आज से

भिलाई। शासन के निर्देशानुसार सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 6 अक्टूबर से किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई में वार्ड स्तर पर खेल कराया जा चुका है अब कलस्टर स्तर के खेल का आयोजन 14 नवम्बर को किया गया है। इसमें व्यक्तिगत खेल एथेलिटिक्स, गेड़ी, योगासन, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुगड़ी एवं सुरीली कुर्सी एवं सामूहिक खेलों में वालीबॉल, खो-खो एवं कबड्डी को शामिल किया गया है। इस खेल में महिला, पुरूष, दिव्यांग प्रतिभागी की आयु 9 से 15 वर्ष, 15 से 30 वर्ष व 30 से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी को शामिल किया गया है। सांसद खेल महोत्सव का अगला पड़ाव विधानसभा 66 वैशालीनगर में स्थल शांति नगर दशहरा मैदान एवं विधानसभा 65 भिलाईनगर में भिलाई विद्यालय ग्राउण्ड सेक्टर 2 में आयोजित है। विजेता खिलाड़ी अपने विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित स्थल पर सुबह 8 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित हो जावें।

परमेश्वरी भवन में योग शिक्षा शिविर 17 से

भिलाई। पतंजलि योग समिति जिला दुर्ग के हरिओम योग प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा देवांगन जन कल्याण समिति के सौजन्य से 19 नवंबर से 23 नवंबर तक सुबह 6 से 7.15 बजे तक प्रगतिनगर रिसाली के परमेश्वरी भवन प्रांगण सड़क 13 में योग शिक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मधुमेह,बीपी, किडनी,ह्दय रोग,नेत्र रोग,माइग्रेन, अस्थमा, सायटिका, कमर दर्द और मोटपा आदि रोगों से पीड़ितों के उपचार के लिए आयोजित किया जा रहा है। शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक आरआर खन्ना सहित योग शिक्षक नरेंद्र सिंह पटेल, टीआर सोनी, राजेश तिवारी,जुगराम बिसेन, आरपी शर्मा,मधुस्मिता पंडा,आरती शर्मा सेवाएं देंगे।

चेटुआ स्कूल को नवनिर्मित कक्षाएँ सौंपीं

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) ने जिले के धमधा ब्लॉक के ग्राम चेटुआ स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय को दो नवनिर्मित अतिरिक्त कक्षाएँ सौंपीं मुख्य अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक शिवराजन और विशिष्ठ अतिथि उप महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा और उप प्रबंधक कमल कांत वर्मा और देवश्री मढरिया और विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा देवांगन भी उपस्थित थे । शिवराजन ने कहा कि कि बीएसपी की सीएसआर पहल दीर्घकालिक कल्याणकारी परियोजनाओं के माध्यम से सामुदायिक प्रगति को बढ़ावा देने हेतु कार्यरत है।

फायर सेफ्टी क्वेस्ट के विजेता हुए पुरस्कृत

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन विभाग द्वारा फायर सेफ्टी क्वेस्ट" प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर (जेईए, प्लेट मिल) शोभा सिंह, द्वितीय स्थान पर उत्तम कुमार (जेईए, एसएमएस-2), तृतीय स्थान पर (जेईए, एएंडडी) देवी रहीं। प्रतियोगिता में बीएसपी के विभिन्न विभागों के 175 गैर-कार्यपालक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी बीके महापात्र द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

भिलाई निगम की स्थगित सामान्य सभा के दौरान पूरे समय सभापति को घेरे रहे पार्षद

आजीविका केंद्र के पैसे को लेकर विवाद, विपक्ष का वॉकआउट होते ही 21 प्रस्ताव एकतरफा हुए पारित

सत्ता पक्ष का पार्षद बैठ गया गर्भगृह में, सफाई मुद्दे को लेकर भी होता रहा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम की स्थगित सामान्य सभा गुरुवार को रखी गई। इस सभा में पूरे समय पक्ष और विपक्ष के पार्षद सभापति गिरवर बंटी साहू को घेरे में लेते रहे। नजारा यह था कि जोन अध्यक्ष व पार्षद भूपेंद्र यादव ने मिनी स्टेडियम परिसर में शराब दुकान खोलने के पुराने मुद्दे पर फिर से अड़ गए। सभापति ने अधिकारियों से जवाब भी दिलवाया लेकिन वे संतुष्ट नहीं हुए और गर्भग़ह में बैठ गए। वे पहले ही शराब दुकान आबंटन निरस्त करने की मांग वाली टी शर्ट पहनकर सदन में पहुंचे थे। गर्भगृह में करीब 20 मिनट तक वे बैठे रहे और अपनी मांग को लेकर चिल्लाते रहे। एजेंडा क्रमांक 5 में 500 सीट की शहरी आजीविका केंद्र निर्माण का जब मुद्दा आया जो विपक्षी पार्षदों ने इस पर आपत्ति की। महापौर नीरज पाल और कांग्रेसी पार्षदों के साथ विपक्षी पार्षदों की जमकर नोक-जोख हुई। दोपहर करीब 3.45 बजे विपक्षी पार्षदों ने सदन का वॉक आउट कर दिया। उनके जाने के बाद सभापति ने सचिव से एक-एक एजेंडे पढ़वा दिए और 22 में से 21 प्रस्ताव को एकतरफा पारित कर दिया।

इस तरह हुआ वॉक आउट

सचिव ने जब एजेंडा क्रमांक 5 में शहरी आजीविका केंद्र निर्माण पढ़ा। सभापति गिरवर बंटी साहू ने चर्चा करवाई। इस निर्माण कार्य के लिए शासन ने 7 करोड़ रूपए दिए हैं लेकिन ये कम पड़ गए। महापौर नीरज पाल ने कहा कि विधायक ने यह राशि देने की सहमति दी है।इसके लिए शासन से राशि स्वीकृत हेतु भेजी जाएगी। इस पर विपक्षी पार्षदों ने कहा कि जितनी कम पैसे की जरूरत है शासन से फिर मांग लो। विधायक निधि से पैसे लेने पर उनका भी नाम इसमें जुड़ जाएगा। इसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ। इस बीच सभापति बंटी साहू ने यह कह दिया कि सामान्य सभा आप लोगों के कारण स्थगित हुई थी। अब फिर अंड़गा डाल रहे हो। इस कथन से विपक्ष और भड़क उठा और सदन छोड़ों के नारे भी लगे। इस दौरान सभापति ने बाहर जाने भी कह दिया जिससे वे भड़क उठे और नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उपनेता प्रतिपक्ष दयासिंह, पार्षद महेश वर्मा, पीयूष मिश्रा, विनोद सिंह, हरिओम तिवारी सहित विपक्ष ने सदन से वॉक आउट कर लिया।

दो एजेंडे को अतिरिक्त जोड़ने पर मचा हंगामा

सदन जब सुबह शुरू हुई तो विषय सूची में 22 बिंदुओं की जगह 24 एजेंडा मिला। जिसमें जवाहर मार्केट का उन्नयन व विकास कार्य के लिए निविदा आमंत्रण के लिए अनुमति लेना और नवीन कार्यालय भवन निर्माण के लिए स्थल चयन नए जोड़े गए। इस पर विपक्षी पार्षदों ने आपत्ति ली और इसे विधि सम्मत नहीं माना। हंगामा होने पर ये दोनों एजेंडे को विलोपित माना गया। सदन में एक प्रस्ताव एजेंडा क्रमांक 21 को रोका गया है। जिसमें रिक्त आवासीय, व्यवसायिक व आवास सह व्यवसायिक भूखंडों का कलेक्टर गाइड लाइन के हिसाब से 20 प्रतिशत तक वृद्धि कर फिर से निविदा बुलाई जानी है।

स्वीमिंग पुल निर्माण मामले में कार्रवाई के निर्देश

सदन में स्वीमिंग पुल निर्माण के मामले में पक्ष और विपक्ष के पार्षदों में एक राय दिखी। भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा ने इस मुद्दे को उठाया। उन्होने कहा कि पिछली सामान्य सभा में यह संकल्प पारित किया गया कि पुनः निविदा बुलवाई जाएगी। लेकिन इसे पारित मान लिया गया और निविदा कर ली गई। दोनों की में सभापति के हस्ताक्षर करवा लिए गए हैं। यह असैवैधानिक है। सभापति ने इसकी फाइल मंगवाई। इस बीच करीब 15 मिनट तक सदन रूका रहा। कार्रवाई विवरण से छेड़छाड़ करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अवैध कब्जे की जांच के लिए कमेटी बनाने के सभापति बंटी ने दिए निर्देश

सदन में वार्ड 3 की नाली में अवैध कब्जे की जांच के लिए कमेटी बनाने के निर्देश सभापति बंटी साहू ने दिए। स्थानीय पार्षद द्वारा सदन में यह बताया गया कि अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई हुई ही नहीं है और निगम ने कब्जा हटाने की फोटो जानकारी में चस्पा कर दी है।

गोकुलधाम में आवंटित भूमि की होगी रजिस्ट्री, देंगे एनओसी भी

गोकुलधाम में चार पशुपालकों के द्वारा निगम की आबंटित भूमि का पैसा जमा करने का मुद्दा सदन में रखा गया। इस पर आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि जिन्होने पूरा पैसा निगम को जमा किया है उन्हे एनओसी भी देंगे और रजिस्ट्री भी वे करवा सकेंगे।

महापौर ने कहा अच्छा संदेश नहीं जा रहा

सदन में पार्षदों द्वारा हंगामा खड़े करने पर महापौर नीरज पाल ने कहा कि सामान्य सभा बार-बार स्थगित होने से शहर में अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। जो भी प्रश्न लगे है पार्षदों को लिखित में अधिकारी जवाब दें। एजेंडे पर सदन में चर्चा करें। उन्होंने अधिकारियों के द्वारा पार्षदों के सवाल के जवाब में निरंक लिखे जाने पर आयुक्त राजीव पांडेय से जिम्मेदारी तय करने की बात कहीं।

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ ने किया कोर कमेटी का गठन

भिलाई। छग स्वास्थअय लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याणसंघ जल्द ही स्वास्थ्य विभाग के लिपिक संवर्ग के सेटअप सुधार और दुर्ग सहित सभी जिला संगठनों को मजबूत करने प्रयास करेगा। इस आशय का निर्णय छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ की प्रांतीय बैठक में लिया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष साधूराम नेताम के अध्यक्षता में हुई बैठक मे प्रदेश के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग के लिपिक संवर्ग के सेटअप सुधार भर्ती नियम में सहायक ग्रेड - 2/लेखापाल पद विसंगति स्टेनो टाइपिस्ट से स्टेनो मुख्य लिपिक से प्रशासकीय अधिकारी के पद पर पदोन्नति का चैनल निर्धारित कर संशोधित नये भर्ती नियम लागू करने के संबंध में संचालनालय और उच्चाधिकारियों को दिए गए ज्ञापन के संबंध में जल्द कार्यवाई के लिए पुनः उच्चाधिकारियों से मिलने के लिए कोर कमेटी का गठन और संघ के गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया ।बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी राकेश नायडू, देवेन्द्र चापडी, संजय शर्मा, रंजीत बघेल, हेमलता साहू रेशमा एक्का एन आर मानकर दीपक श्रीवास राकेश पाण्डेय जीपी चन्द्राकार कुंजाम प्रणय खरे मानिक मण्डल पुरुषोत्तम साहू गणेश कौल शकील खान विजय जान महेश देवांगन मनहर ताडे सुरेश देवांगन, बालाजी रजक, कुलवंत चंद्रोल, हरिकिरतन यादव, सत्या, अंजु टंडन, नीलू कश्यप, चित्र रेखा साहू और मनीराम नेताम उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन हीरा नेताम प्रांतीय सचिव औक आभार प्रदर्शन संभागीय अध्यक्ष नितिन पाण्डेय संभागीय अध्यक्ष द्वारा किया गया।

एसआईआर अभियान को लेकर कांग्रेस सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान एसआईआर को लेकर दुर्ग शहर में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतरे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ता जनता को फॉर्म भरवाने और सूची में अपने नाम की पुष्टि कराने में सहयोग दे रहे हैं।

मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अंतर्गत आने वाले बूथ क्रमांक 104, 133, 134 एवं 135 में कांग्रेस के बूथ बीएलए श्रद्धा सोनी, मनोज सिन्हा, अशोक मेहरा एवं शत्रुघ्न चक्रधारी ने घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म उपलब्ध कराए और उन्हें फॉर्म भरने में मदद की। कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नामों को खोजकर संबंधित मतदाताओं को जानकारी दी ताकि उन्हें वर्तमान फॉर्म भरने में आसानी हो सके। यह कार्य लगातार जारी है। वहीं पश्चिम ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 1 नयापारा से चिराग शर्मा ने बूथ क्रमांक 105 एवं 106 में घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म प्रदान किए और उन्हें मतदान सूची में अपने नाम की पुष्टि करने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 13 मोहन नगर क्षेत्र में भी सुनील कोहले ने मतदाताओं से संपर्क कर अभियान को गति दी। दुर्ग शहर में कांग्रेस का यह अभियान आने वाले दिनों में और भी बूथों तक विस्तार किया जाएगा, जिसमें युवा कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस और ब्लॉक इकाइयाँ मिलकर जनता के बीच जाएंगी।

सेक्टर-9 अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ सीटू का धरना

वेतन समझौते पर कैंची चलाने वाले मंत्रालय की नजर अब जेएलएन अस्पताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण की प्रक्रिया के खिलाफ विरोध बढ़ता जा रहा है। सीटू के द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत गुरुवार को मेन गेट में नुक्कड़ सभा आयोजित किया गया। जिसमें सीटू नेताओं ने चेतावनी दी कि इस्पात मंत्रालय और सेल प्रबंधन तरह-तरह के तर्क देकर अस्पताल को निजी हाथों में देने की तैयारी कर रहे है । इस्पात मंत्रालय एवं सेल प्रबंधन हजारों कर्मचारियों का वेतन समझौता तो पूर्ण नहीं करवा पाया है वही अब उनके मूलभूत सुविधाओं को निजी हाथों में देने की कोशिश कर रहे है, जिसे भिलाई के लोग कभी होने नहीं देंगे।

सीटू के अस्पताल समिति के संयोजक अजय कुमार आर्य ने कहा कि भिलाई इस्पात सयंत्र के

सेक्टर 9 अस्पताल मे विश्व स्तरीय उपकरण एवं सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह अस्पताल पहले मध्य भारत का सबसे बड़ा रेफरल सेंटर हुआ करता था जहां पर सेल के अन्य अस्पतालों सहित अन्य दूसरे अस्पतालों से मरीज रेफर होकर भिलाई आते थे । उनका उच्च गुणवत्ता के साथ इलाज होता था लेकिन अब इस अस्पताल में नई भर्ती पर पाबंदी लगाने के कारण स्टाफ की कमी होने लगी है। आज भी इस अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ को उपलब्ध करवा कर नंबर वन पोजीशन पर लाया जा सकता है लेकिन इस दिशा में प्रयास करने की बजाय उच्च प्रबंधन इसे अपने नियंत्रण से ही निकाल देने का प्रयास कर रही है। इसके खिलाफ संघर्ष को तेज करना होगा।

मेडिकल कॉलेज बनाने की मांग

सीटू नेताओं ने कहा कि अस्पताल की बेहतरी के लिए यूनियन हमेशा से ही अस्पताल प्रबंधन से सेक्टर 9 अस्पताल में ग्रेजुएट अथवा पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में अस्पताल प्रबंधन से बात कर चुका है। प्रबंधन जहां एक तरफ डीएनबी कोर्स करवाने के लिए एमबीबीएस डॉक्टर को एडमिशन देता रहा है लेकिन मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया । सीटू की मांग पर प्रबंधन सरकार के साथ बात करके इस अस्पताल में मेडिकल कॉलेज खोल सकता था जिससे इस अस्पताल में कभी भी स्टाफ की कमी नहीं रहती।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

02

नायरा कट कुर्ती सेट के खास डिजाइंस आपको बनाएंगे और भी खूबसूरत

लाइव इवेंट

एलुमनी मीट में पुरानी यादें हुई ताजा अनुभव किये साझा, मिला सम्मान

भिलाई। शासकीय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई के स्थापना 1965 के बाद पहली बार एलुमनी समारोह और छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था में अध्यनरत प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा रंगारंग छत्तीसगढ़ी गीत और नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और गणेश की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्जवलन कर की गई। जिसके बाद सरस्वती वंदना छत्तीसगढ़ की राजकीय गीत और अतिथियों का स्वागत गीत और वादन कर किया गया। इस एलुमनी समारोह में 150 से अधिक इस संस्था से उत्तीर्ण भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे और एलुमनी के प्रेरणाप्रद अनुभव साझा को सुनकर रोमांचित हुये।

- शासकीय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई में प्रथम एलुमनी समरोह

कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव चन्द्राकर ने किया, मुख्य अतिथि दीनदयाल साहू, विशिष्ट अतिथि गेंद लाल साहू, उर्वशी भतपरे, चन्द्रमती, पालू राम साहू, दीपक साहू ने अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में आयोजक समिति, सदस्य, प्रशिक्षण अधिकारी केवल राम वर्मा, हेमंत कुमार कौशिक, हितेन्द्र कुमार साहू, वेदप्रकाश धुर्वे का योगदान रहा। संस्था के प्राचार्य टी. के सातपुते, प्रभारी उप-प्राचार्य ममता भिमटें, शिवा खोब्रागड़े और समस्त कर्मचारी और अधिकारियों ने समिति सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हितेन्द्र कुमार साहू ने छात्र-छात्राओं सहित उपस्थित सभी सदस्यों को बांधे रखा।

इस एलमुनी आयोजन में सेल, बीएसपी, रेल्वे, निजी पावर प्लांट, सी.एस.पी.डी.सी.एल., करेन्सी, शासकीय आई.टी.आई. , पॉलीटेक्निक, सी.एस.व्ही.टी.यू. विभाग सहित अन्य क्षेत्रों में कार्यरत भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थीयों ने इस एलुमनी समारोह में शिरकत की। इस यादगार लम्हों को सभी ने अपने मोबाइल में कैद किया।

सिटी इवेंट

आदिवासी युवाओं का आठवां जत्था नई दिल्ली के लिए हुए रवाना

भिलाई। 17 वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला कांकेर तथा नारायणपुर के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 40 आदिवासी युवक-युवतियों के आठवें जत्थे को रायपुर रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। यह जत्था नई दिल्ली में भारत के विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होंगे।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक युवतियों के बीच मेल-मिलाप का अवसर मिलेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेषभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में अन्य राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जायेगी। साथ ही नई दिल्ली के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा। यह 17 वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम युवा मामले और खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 7 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 25 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 650 चयनित युवा भाग ले रहे है। आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में उच्च अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, आदी के बारे में जानना शामिल है। इसके अलावा प्रतिभागी नई दिल्ली के उद्योगो एवं सुरक्षा बलों के शिविरों का भी भ्रमण करेंगे।

- सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम

आयोजन

पं जवाहर लाल नेहरू की जयंती नेहरू भवन में आज

भिलाई। भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 118वीं जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसनागर भिलाई में इस वर्ष भी14 नवंबर को सुबह 11 बजे से जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। चाचा नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, भिलाई महापौर नीरज पाल, सभापति बंटी गिरवर साहू, पूर्व महापौर नीता लोधी, पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह साहित सभी एम आई सी सदस्य,पार्षद, छाया पार्षद, ब्लाक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। आयोजन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, सदस्यों, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एन एस यू आई और समस्त मोर्चा संगठन के प्रमुख नेता और सदस्यों से उपस्थित होंगे। इस अवसर पर नेहरू भवन सुपेला में सुबह 11 बजे ब्लाक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप, मो रफीक, आनंद डोंगरे दवरा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

युवा उत्सव 2025, अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

पंथी, सुवा और कर्मा नृत्यों में दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति लोक कला और परंपरा की बिखेरी संतरंगी छटा

भिलाई। भिलाई महिला महाविद्यालय में अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव और नृत्य प्रतियोगिता 2025 का आयोजन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वाधान में आयोजित किया गया। हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव और नृत्य प्रतियोगिता 2025 के आयोजनों का उद्देश्य युवाओं को उनकी प्रतिभा दिखाने और विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस और उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन किया गया। जिसके बाद छत्तीसगढ़ के राज्य गीत और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलगीत की गायन के साथ कार्यक्रम की धमाकेदार शुरुआत हुई।

प्रतिभागियों की किया प्रोत्साहित

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव डॉ. हिमांशु मंडावी और सभी निर्णायकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा देकर स्वागत किया गया। प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता में आमंत्रित अतिथियों एवं विशेषज्ञों की उपस्थिति और विशेषज्ञता की सराहना की। साथ ही सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

इन महाविद्यालयों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

अंतर्महाविद्यालयीन समूह नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालयों में भिलाई महिला महाविद्यालय भिलाई, वी. वाई. टी. पीजी स्वायत्त महाविद्यालय दुर्ग, सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा,शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई जिला दुर्ग, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली दुर्ग, शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी जिला दुर्ग और कई अन्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विजेता बने। इस आयोजन के तहत विभिन्न महाविद्यालयों की प्रतिभागी छात्र और छात्राओं को अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में छात्र संघ प्रभारी डॉ. आशा रानी दास और छात्र संघ के सदस्यों और अन्य कमिटी के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना शरण और आभार व्यक्त भाविका मिश्रा द्वारा किया गया।

निर्णायकों ने की कलाकारों की सराहना

महाविद्यालय में आयोजित समूह लोकनृत्य व जनजाति नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. जितेश गड़पायले सहायक प्राध्यापक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ और डॉ. संगीता ठाकुर अतिथि व्याख्याता माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय इंदौर उपस्थित रही।

सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन 17 से, विशेषज्ञ देंगे लोगों को प्रशिक्षण

भिलाई। परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में 17 से 23 नवंबर तक सात दिवसीय निःशुल्क विशेष योग शिविर सुबह 6 से 7.30 बजे तक आयोजित है, जिसमें विभिन्न बीमारियों का ईलाज बिना दवाईयों के योग, आसन एवं प्राणायाम के माध्यम से करने मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा।

- परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में हुई बैठक

निशुल्क योग शिविर का आयोजन पतंजलि योग समिति जिला दुर्ग, हरिओम योग प्रशिक्षण केन्द्र एवं देवांगन जन कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं मुख्य योग प्रशिक्षक आरआर खन्ना की उपस्थिति में बैठक कर तैयारी की समीक्षा की गई। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि निःशुल्क योग-शिविर में डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, किडनी, हृदय रोग, वात रोग, माइग्रेन, अस्थमा, साईटिका आदि रोगों के ईलाज योग एवं प्राणायाम के जरिए करने हेतु विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। योग विशेषज्ञ प्रतिदिन अलग-अलग रोगों के निदान के लिए मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण देंगे। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही महिला, पुरूष सहित सभी उम्र के लोग शामिल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 7.30 तक नियमित रूप से योग की कक्षाएं संचालित हो रही है। बैठक में अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन, मुख्य योग प्रशिक्षक आरआर खन्ना, शैलेन्द्र कुलश्रेष्ठ, बी भल्ला, केके राय, लाल, मानसी, रिध्दी पटेल, नविता यादव, वंदना यादव उपस्थित थे। योग प्रशिक्षक नरेन्द्र पटेल, टीआर सोनी, राजेश तिवारी, जुगराम बिसेन, आरपी शर्मा, मधु स्मिता पंडा, आरती शर्मा, शिवदत्त चौबे, प्रकाश बोम्बेश्वर, संजय निखारे, रेणु चौबे, मनीषा निखारे, उषा राय आदि शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

बुद्ध भूमि कोसा नगर में संविधान दिवस-जय भीम मेला समारोह 25 से

भिलाई। कोसा नगर स्थित बुद्ध भूमि में संविधान दिवस जय भीम मेला समारोह 25 और 26 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर दो दिवसीय भव्य मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में आगंतुक शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सहित कई मंत्री, विधायक और उच्च प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। इसी कड़ी में आयोजन में अतिथि के रूप में आमंत्रित करने सांसद विजय बघेल से सदस्यों ने मुलाकात की। बच्चों के लिए झूले और विभिन्न राज्यों के व्यंजन स्टॉल मेले की आकर्षण का केंद्र रहेंगे। संविधान दिवस पर सभी धार्मिक व सामाजिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। मेले की तैयारी बैठक में अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे, सचिव ज्ञानचंद्र टेम्भुरणीकर, सहसचिव गौतम डोंगरे, सदस्य घनश्याम गणवीर, अशोक ढवले, बीआर. कठाणे, इंद्र कुमार रामटेके, डॉ. अरविंद चौधरी और डॉ. उदय कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अल्केमिस्ट फूड स्टॉल प्रतियोगिता का आयोजन

कार्नर न्यूज

चाय पराठा स्टेशन और फ्लेवर्ड पानी पूरी का भाया स्वाद, गुलगुला भी मजेदार

भिलाई। रसायन शास्त्र विभाग द्वारा स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको भिलाई में आयोजित फ्लेवर अल्केमिस्ट फूड स्टॉल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी उद्यमिता और पाक कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बंगाली और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की खूशबू से प्रांगण महक उठा। जो सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों के लिए एक अनोखा अनुभव था। संयोजिका डॉ. एस. रजनी मुदलियार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने और उन्हें अपने कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने यह आयोजन किया गया था।

उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन

इस दौरान डॉ. दीपक शर्मा ने कहा कि अपने कौशल को प्रदर्शित करने और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला ने विद्यार्थियों के प्रयासों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए, जिनमें चाय पराठा, फ्लेवर्ड पानी पुरी, सोया मंचूरियन, और सोया चिल्ली छत्तीसगढ़ी व्यंजन गुलगुला तथा बंगाली व्यंजन बारो वाजा शामिल थे। प्रतियोगिता में निर्णायक महाविद्यालय की उप प्राचार्या डॉ.अजरा हुसैन और सहायक प्राध्यापक कला विभाग ज्योति मिश्रा रही। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए, निर्णायक मंडल ने प्रथम स्थान पर मरीना, अनामिका और कल्पना चाय पराठा स्टेशन, द्वितीय स्थान पर हिमांशी, मुस्कान और सीमा फ्लेवर्ड पानी पुरी और तृतीय स्थान पर नेहा, चंद्रकला, देविका और विनीता सोया मंचूरियन और सोया चिल्ली को विजेता घोषित किया।कार्यक्रम में मोनिका मेश्राम और मोहिनी शर्मा रसायन शास्त्र विभाग के प्राध्यापकों ने अपना योगदान दिया।

सिटी इवेंट

धूमधाम से मनाई गई काल भैरव जयंती, 108 थाल से हुई महाआरती

भिलाई। सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा दुर्ग में भैरव अष्टमी के अवसर पर काल भैरव जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जिसमें विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किये गए। काल भैरव जयंती के अवसर पर मां दुर्गा मंदिर में स्थापित मनोकामना सिद्ध काल भैरव की प्रतिमा का सुबह महाअभिषेक मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुनील पांडेय द्वारा दूध, दही, विभिन्न प्रकार की औषधियों और पदार्थों से भैरव का अभिषेक कर पूजन और हवन कराया गया। पूजन अभिषेक के मुख्य यजमान कुलेश्वर साहू सपत्निक उपस्थित थे। हवन और पूजन के बाद काफी संख्या में उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 5 बजे से महिला मण्डली द्वारा काल भैरव चालीसा का पाठ सुमधुर भजनों के साथ किया गया। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

समिति के नंदू रंजीता ब्राम्हणे ने बताया कि शाम साढ़े 7 बजे काल भैरव की 108 दीपों और 108 पूजा थाल से महाआरती की गई। जिसमें सैंकड़ो धर्मप्रेमी उपस्थित हुए और अपने हाथों में पूजा थाल लेकर भक्ति भाव के साथ भैरव बाबा की आरती कर पुष्पांजलि दी गई। इस दौरान भैरव बाबा के जयकारों से पूरा गंजपारा जय घोष से गूंजता रहा। महाप्रसादी में भैरव बाबा का विशेष प्रसाद खिचड़ी, कचोरी, मूंग बड़ा, बेसन लड्डू का वितरण किया गया। काल भैरव की महिमा के बारे में पुजारी सुनील पांडेय ने बताया कि काल भैरव जयंती से आने वाले 41 दिन तक काल भैरव चालीसा का पाठ करने एवं पूजन करने से विशेष फल की प्राप्ति एवं सभी मनोकामना पूर्ण होती है। कार्तिक माह की कालाष्टमी का विशेष फलदायी होती है। कार्तिक कृष्ण पक्ष के आठवें दिन कालाष्टमी होती है जिसे काल भैरव जयंती भी कहते हैं। काल भैरव का स्वरूप विकराल एवं क्रोधी है। भैरव के एक हाथ में छड़ी होती हैं और उनका वाहन काला कुत्ता होता है इसलिए भैरव रूप में काले कुत्ते को भोजन करवाने का भी विशेष महत्व बताया जाता है। काल भैरव जयंती के अवसर पर मां दुर्गा मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई थी। मंदिर को रंग बिरंगे आकर्षक फूलों से सजाया गया था। आयोजन में महेश टावरी, योगेन्द्र शर्मा बंटी, प्रतिभा सुरेश गुप्ता, राजेश शर्मा, संजय पुरोहित, निर्मल शर्मा, सुरेश गुप्ता, महेश गुप्ता, राहुल शर्मा हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

समाज लाइव

महाराष्ट्र मंडल दुर्ग में सुवर्ण महोत्सव कविता और संगीत से जमाया रंग

भिलाई। वनिता मंडल पद्मनाभपुर दुर्ग के सुवर्ण महोत्सव वर्ष के अंतर्गत पारिवारिक मिलन कार्यक्रम महाराष्ट्र मंडल दुर्ग में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सभी सदस्य अपने परिवार सहित शामिल हुए। कार्यकारणी के सदस्यों ने छत्रपती शिवाजी महाराज का रायगढ़ किल्ला का प्रतिरूप श्रीमद रायगढ़ बनाया था, जिसे लोगो ने देखकर काफी सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत रेखा देशपांडे और प्रभा पाटणकर द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया साथ ही मंडल की विशेष प्रार्थना की गई। ज्ञानदा बेहेरे ने गणपती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वपरिचय देकर सभी को भेट वस्तु रिटर्न गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया। रेखा देशपांडे ने क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के बारे मे जानकारी दी। नीलिमा चावरे ने दिवाली मिलन के आयोजन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। अर्चना चावरे ने हंसी-ठीठोली की कविता पेश की। कार्यक्रम का संचालन सुनीता पालेकर ने किया। इस अवसर पर पारंपरिक भोजन का आनंद सभी ने लिया। इस अवसर पर मनोरंजक गेम्स और हाऊजी सहित कई स्पर्धाएं भी आयोजित की गई। अंत में 'वंदे मातरम 'गान को 150 वर्ष होने के अवसर पर सभी ने वंदे मातरम का गान किया।

एजुकेशन इवेंट

थर्ड जेंडर के जीवन का चित्रण पर पूजा ने की पीएचडी

भिलाई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा पूजा विश्वकर्मा को उनके शोध प्रबंध हिंदी उपन्यासों में तृतीय लिंगी के जीवन का चित्रण महिला उपन्यासकारों की रचनाओं के विशेष संदर्भ विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।

जुनवानी में रहने वाली पूजा ने अपना शोध प्रबंध डॉक्टर शैलेन्द्र ठाकुर के निर्देशन और डॉक्टर सुधीर शर्मा के सह निर्देशन में शोध केंद्र हिन्दी विभाग कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई से पूर्ण किया। बाह्य परीक्षक के रूप में बनारस से आए प्रोफ़ेसर रमेशचंद्र पाठक ने इस नवीन विषय की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएचडी तो सभी कर लेते हैं परंतु सामाजिक अस्वीकार्यता की पीड़ा सहन करने वाले थर्ड जेंडर से जुड़े जटिल विषयों पर कार्य करना एक चुनौती है, जिसे पूजा ने बख़ूबी निभाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ राजमणि पटेल, सहायक संचालक डॉ सुमीत अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक डॉ फिरोजा जाफर अली, डॉ अंजन कुमार, शोधार्थी आदि उपस्थित थे। पूजा विश्वकर्मा नवीन शर्मा की पत्नी हैं।

● विश्व मधुमेह दिवस विशेष : शरीर में लगातार शुगर की मात्रा ज्यादा होने से किडनी, आंख, नसें और हृदय होता है प्रभावित

40 वर्ष की उम्र पार कर चुके हर पांचवें व्यक्ति को शुगर की बीमारी नियमित जांच, संतुलित आहार और व्यायाम से हरा सकते हैं बीमारी को

दुर्ग। विश्व मधुमेह दिवस हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है। यह इंसुलिन की खोज करने वाले सर फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने 1922 में चार्ल्स बेस्ट के साथ मिलकर इंसुलिन की खोज की थी। इस दिन को मधुमेह के बारे में जागरुकता बढ़ाने और इसके रोकथाम, निदान और उपचार को मजबूत करने के अवसरों को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने बढ़ते मधुमेह के मामलों पर चिंता व्यक्त की है। शहर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से हरिभूमि ने बात की। उन्होंने बताया कि मधुमेह आज दुनिया की सबसे तेजी से फैलने वाली बीमारियों में से एक है। भारत में लगभग 10 करोड़ से अधिक लोग डायबिटीज़ से पीड़ित हैं। हर पांचवां व्यक्ति इस बीमारी के खतरे में है। नियमित जांच, संतुलित आहार और सक्रिय जीवनशैली अपनाकर इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मधुमेह केवल ब्लड शुगर तक सीमित नहीं है। यह किडनी, आंख, नसों और हृदय को भी प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे सुबह की सैर, पौष्टिक आहार और तनावमुक्त जीवनशैली को अपनी आदत बनाएं। शहर के प्रमुख अस्पतालों में आरोग्यम हॉस्पिटल दुर्ग, जिला अस्पताल, स्पर्श, बीम शाह सहित अन्य हॉस्पिटल में कार्यशाला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित किया गया है, जहां शुगर की समस्या को लेकर चर्चा की जाएगी।

शुगर की सही पहचान ही सबसे बड़ी रोकथाम

फिजिशियनन और कंसल्टेंट डॉ. विशाल अग्रवाल ने कहा कि डायबिटीज़ को सही समय पर पहचान लेना ही इसकी सबसे बड़ी रोकथाम है। बहुत से लोग शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। बाद में गंभीर जटिलताओं का सामना करते हैं। साल में कम से कम दो बार ब्लड शुगर और लिपिड प्रोफाइल की जांच करवाना सभी के लिए जरूरी है। डॉ. अग्रवाल ने यह भी बताया कि बदलती जीवनशैली के कारण युवाओं में भी टाइप-2 डायबिटीज़ के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। देर रात तक जागना, जंक फूड, स्क्रीन टाइम और तनाव इसका बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। मधुमेह से डरने की नहीं उसे समझने की जरुरत है। जागरुकता, अनुशासन और सही जीवनशैली ही स्वस्थ भविष्य की कुंजी है।

डायबिटीज पर प्रयोग नहीं सही सलाह और इलाज ही रोकथाम

डॉ. राजेश सिंघल ने कहा कि डायबिटीज़ के संपूर्ण इलाज, डाइट काउंसलिंग और मरीजों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। नियमित जांच करवाएं और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह अवश्य लें। विश्व में मृत्यु के मुख्य कारणों में एक मधुमेह भी है। स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से मधुमेह से होने वाली मृत्यु को काफी कम किया जा सकता है।

दुर्ग-भिलाई में शुगर बीमारी को लेकर कार्यशाला

स्पर्श हॉस्पिटल के एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. रजत देब ने बताया कि समय पर खान-पान ना होना, अनियमित दिनचर्या के अलावा कम समय सोना, देर रात तक जागना ही डायबिटीज का सबसे बड़ा कारण है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह बीमारी आजकल बच्चों में भी देखने को मिल रही है। इसलिए उनको चाहिए की वो फास्ट फूड से दूरी बनाकर रखे। सुबह जल्दी उठकर व्यायाम पर करें। अपने सेहत के लिए आप जितने जागरूक होंगे डायबिटीज ही नहीं अन्य बीमारियों से उतने ही दूर रहें। डॉ. देब का कहना है कि यदि आपको डायबिटीज की समस्या हो गई है तो उसे हल्के में लेकर इग्नोर भी ना करें और अच्छे डॉक्टर से संपर्क करके उसका सही इलाज करें और डॉक्टर के बताए मुताबिक परहेज करें।

शुगर की मात्रा को लेकर लोगों को रहना होगा अवेयर

मधुमेह यानी डायबिटीज ऐसी समस्या है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक को प्रभावित कर रही है। साल दर साल डायबिटीज के मामले बढ़ते जाते रहे हैं। मधुमेह के प्रसार को रोकने और उसके निदान के लिए हर साल 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है। मधुमेह को लेकर जागरुकता शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों में दी जाती है, क्योंकि कुछ लोग इस समस्या को बीमारी नहीं मानते और कुछ लोगों को पता ही नहीं है कि वे इस बीमारी से पीड़ित हैं। सबसे पहले विश्व मधुमेह दिवस साल 1991 में मनाया गया था। इसे अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मिलकर लोगों में मधुमेह के प्रति जागरूकता और निदान के लिए शुरू किया था। खाना खाने के बाद हमारा शरीर ग्लूकोज बनाता है, जो शरीर को ऊर्जा देने का काम करता है, लेकिन ग्लूकोज को ऊर्जा के लिए रक्त और कोशिकाओं तक पहुंचाने के लिए इंसुलिन हार्मोन की जरूरत पड़ती है। पैंक्रियाज इंसुलिन बनाने का काम करता है।। अगर ये ठीक तरीके से इंसुलिन नहीं बनाता है, तो ग्लूकोज की खपत कोशिकाओं तक अच्छे से नहीं पहुंच पाती है और रक्त में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है। इस स्थिति को मधुमेह कहते हैं। मधुमेह में टाइप 1 डायबिटीज और दूसरी टाइप 2 डायबिटीज सबसे ज्यादा देखी जाती है। गर्भावस्था के समय भी मधुमेह की समस्या हो सकती है। टाइप 2 डायबिटीज और गर्भवती होने के समय होने वाले मधुमेह को समय रहते काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है, लेकिन टाइप 1 डायबिटीज एक खतरनाक स्टेज है, जिसमें पैंक्रियाज इंसुलिन बनाना बिल्कुल बंद कर देता है। इस स्थिति में किडनी, आंखों और दिल पर दबाव बना रहता है।

पदयात्रा का आयोजन

वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकला यूनिटी मार्च

दुर्ग। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा। इसके तहत दूसरे पड़ाव में पदयात्रा का आयोजन दुर्ग शहर के पटेल चौक में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात सांसद विजय बघेल की मुख्य उपस्थिति में प्रारंभ हुई। पदयात्रा पटेल चौक से प्रारंभ होकर महात्मा गांधी स्कूल से होते हुए होटल मान चौक, तकिया पारा चौक, पोल साय पारा चौक, श्री शिवम मॉल के सामने से, अग्रसेन चौक, शहीद चौक, सिंधी कॉलोनी मार्ग, राजेंद्र पार्क चौक, संविधान चौक, मोनोनाइट चर्च के सामने से सुराना कॉलेज, रानी लक्ष्मी बाई चौक, कन्हैया पुरी चौक, महाराज चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान मार्ग में आने वाले महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। पदयात्रा का स्वागत विभिन्न स्थानों पर सिंधी समाज, सिख समाज सहित चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं आम जनमानस द्वारा पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि देश की एकता अखंडता को लेकर सदैव प्रयत्नशील रहने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में बहुत कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। जब से हमने होश संभाला है और जब से हमने पहली क्लास में और आज के जमाने में जो केजी 1 व केजी 2 से अपनी शिक्षा की शुरुआत की तब से हमने अपने गुरुजनों से अपने बुजुर्गों से अपने माता-पिता से उन महापुरुषों के बारे में जाना है समझा है और आज तो मोबाइल का जमाना है। आप सब गूगल निकालिए किस महापुरुष की जीवनी देखना है उसको आप सभी उनके कृतियों को उनके आदर्शों को उनके किए हुए कार्यों को उनके समर्पण भाव को और उनकी जीवनी को आप सब साक्षात अपने हाथ में मोबाइल के माध्यम से पढ़ लेंगे। हम देश के सभी महापुरुष का सम्मान करते हैं। हमारे भारत माता की रक्षा के लिए जिन-जिन ने समर्पण भाव से अपने जीवन कुर्बानी दी ऐसे लोगों को हम सब समय-समय पर उनके जयंती पर और उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हैं। उनका स्मरण करते हैं और इसलिए करते हैं उस दिन संकल्प होता है कि ऐसे महापुरुषों ने वह जो काम किया और उनके जीवन ने एक समर्पण भाव से भारत मां के वैभव के लिए इस भारत मां के मान सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाया है।

भूमिपूजन कार्यक्रम

ब्रह्माकुमारी दुर्ग की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, सड़क सीमेंटकरण का भूमिपूजन

भिलाई। ब्रह्माकुमारी संस्था दुर्ग की वर्षों पुरानी मांग गुरुवार को पूरी हुई। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने किया सड़क सीमेंटकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बघेरा लोक कलाकारों का केन्द्र है, इसे सहेजना और संवारना हम सभी की जिम्मेदारी है। मंत्री यादव ने 77.52 लाख रुपये की लागत से ब्रह्माकुमारी आनंद सरोवर होते हुए बाईपास तक 0.80 किलोमीटर लंबाई की सड़क के सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। यह निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ राज्य कृषि उपज मंडी समिति के मद से किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था के इस सड़क के निर्माण से दुर्ग के शहरवासियों और ग्रामीणवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी, जिससे जनजीवन की गतिविधियों को गति मिलेगी।

बघेरा लोक कलाकारों का केन्द्र है, इसे सहेजना और संवारना हम सभी की जिम्मेदारी

उन्होंने ने कहा कि गांव के वातावरण को बनाए रखना है और यहां की संस्कृति को नहीं छोड़ना है। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम सभापति श्याम शर्मा, ललित ढीमर, कुमारी साहू, ब्रह्मकुमारी रूपाली और बीके भारती सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हवा में गूंजा जय जोहार जय छत्तीसगढ़, स्पेन में की हैरतअंगेज स्काईडाइविंग

कार्नर न्यूज

भिलाई की उड़नपरी प्रभा ने आसमान की हजारों फीट ऊंचाई से लगाया जंप

भिलाई। आकाश में तैरती हौसलामंद हवाई उड़नपरी... दिलकश अदाकारी और खूबसूरती से लाखों लोगों के दिलों पर राज करने वाली सिने तारिका कैटरीना की मानिंद खतरनाक ड्रापजोन में उड़नखटोले से छलांग लगाती बहादुर एडवेंचर ऊमन... और हवा में गूंजता जय भारत जय छत्तीसगढ़....। रोमांच और हौसले की यह हैरतअंगेज मिसाल किसी फिल्म या जादू का नजारा नहीं बल्कि हमारे भिलाई से जुड़ी एक हकीकतन गौरवशाली नजीर है। इस्पातनगरी की की 58 वर्षीय महिला प्रभा ठाकुर हुसैन ने एक बार फिर आसमान को छू लिया। उन्होंने यूरोप के स्पेन के एम्पुरियाब्रावा ड्रॉपज़ोन में 13 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर अपनी तीसरी स्काईडाइविंग पूरी की। यह वही ड्रॉपज़ोन है जहाँ ह्रतिक रोशन, फरहान अख्तर, अभय देओल और कैटरीना कैफ की मशहूर बॉलीवुड फ़िल्म "ज़िंदगी ना मिलेगी दोबारा" के स्काईडाइविंग दृश्य फिल्माए गए थे।

बेटे के प्लेन से अपलोड हुआ जंप

सेक्टर एक भिलाई के प्रसिद्ध एथलीट और स्काईडाइवर प्रभा हुसैन ने इससे पहले पहली बार दुबई में और दूसरी बार यूरोप के नीदरलैंड्स के टेक्सल ड्रॉपजोन में स्काईडाइविंग की थी। उनका यह तीसरा जंप उनके बेटे अफ़रोज़ इफ्तेखार हुसैन के साथ उसी प्लेन लोड से हुआ, जिसमें से अफ़रोज़ ने बिना किसी इंस्ट्रक्टर के सोलो जंप किया। उनके बेटे अफ़रोज़ इफ्तेखार हुसैन भी भिलाई के पहले और एकमात्र लाइसेंस प्राप्त स्काईडाइवर हैं। उन्होंने अमेरिका की यूएसपीए (यूनाइटेड स्टेट्स पैराशूट एसोसिएशन) से बी-लाइसेंस हासिल किया है और अब तक करीब 100 जंप पूरे कर चुके हैं। यदि प्रभा ठाकुर हुसैन की स्काईडाइविंग देखेंगे, तो लोगों को लगेगा कि जब वे हवा में थीं, तब उन्होंने पूरे जोश के साथ जय जोहार जय छत्तीसगढ़ का नारा लगाया।



उम्र एडवेंचर का रास्ता नहीं रोक सकती : प्रभा

प्रभा ने कहा कि उम्र कभी एडवेंचर का रास्ता नहीं रोक सकती। वे पिछले तीन वर्षों से हर साल स्काईडाइविंग कर रही हैं और उनका कहना है कि उड़ान और एडवेंचर उन्हें जीवन का असली आनंद देते हैं।उन्होंने बताया किउम्र कोई बाधा नहीं अगर दिल में उड़ने का जुनून हो। मैं यह सब अपने परिवार के सहयोग के बिना नहीं कर सकती थी। मेरा परिवार ही मेरी ताकत है। मुझे उड़ना और एडवेंचर पसंद है, और मैं चाहती हूं कि मेरी कहानी दूसरों को भी नए अनुभव करने के लिए प्रेरित करे।

सिटी स्पोर्ट्स

राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा राजधानी के सप्रे शाला हॉल में जारी है। जिसमे मुख्य ड्रा के परिणाम में बालक के अंडर-15 वर्ग (बीएस अंडर15) के परिणाम में उत्सव अग्रवाल (रायपुर) ने अभिनव तिवारी (कवर्धा) को 21-6, 21-4 से, आर्यन रजक (बिलासपुर) ने शौर्य कुमार राय (दुर्ग) को 21-19, 21-19 से, शाश्वतश्री मिश्र (रायपुर) ने आदित्य मेहरा (बालोद बाजार) को 21-13, 25-23 से,ऋषित कोचर (रायपुर) ने अमन स्वर्णकर (कवर्धा) को 21-17, 21-17 से, सैयद ज़यान अली (बिलासपुर) ने सोहम अग्रवाल (रायपुर) को 21-19, 21-9 से, एरिक जसवानी (रायपुर) ने शौर्य परमार (दुर्ग) को 21-10, 17-21, 21-15 से, हर्षित कुमार (रायगढ़) ने अथर्व अवधूत (दुर्ग) को 21-9, 21-18 से, आरव शर्मा (रायपुर) ने सक्षम वर्मा (रायपुर) को 21-14, 21-16 से नक्श निर्विकार सिंह (बिलासपुर) ने यश अहलावत (दुर्ग) बीको 21-13, 19-21, 21-19 से, देव आदित्य देवांगन (दुर्ग) ने रज्यांश सामंतरे (रायपुर) को 20-22, 21-15, 21-14 से, दर्श मलिक (रायपुर) ने अरिहंत पैंकरा (कोरबा) को 23-21, 21-15 से, दीप पटेल (रायपुर) ने अमित साहू (जांजगीर-चांपा) को 21-2, 21-3 से, अर्हान खान (रायपुर) ने अविग्ना मेश्राम (राजनंदगांव) को 21-8, 21-16 से,रुद्र तिवारी (भिलाई) ने तक्ष घोंगड़े (रायपुर)को 21-11, 21-12 से ,हृद्यांश पटेल (रायपुर) ने पूर्वांश चंद्राकर (रायपुर) को 21-8, 21-4 से , लक्ष्य प्रधान (रायगढ़) ने मयंक साहू (रायपुर)को 21-18, 21-17 से हराया। बालिका के अंडर-15 वर्ग (जीएस अंडर 15) के परिणाम दर्शिता जैन (दुर्ग) ने जस्मन कौर गिल (भिलाई) को 21-14, 21-12 से, देवांशी पटेल (कोरिया) ने अक्षिता सिंह (रायपुर) को 21-13, 21-13 से, ज़ायना खान (रायपुर) ने दीक्षा साव (भिलाई) को 21-10, 21-9 से, तेजस्विनी राय (महासमुंद) ने कनक मलानी (रायपुर को 21-11, 21-8 से ,जुनैरा आलम (भिलाई) ने तान्या शर्मा (बलौदा बाजार) को 21-7, 21-8 से, सुमेधा सिंह (दुर्ग) ने संस्कृति शुक्ला (रायपुर) को 21-17, 21-14 से, वेदिका एस। ग्यानी (दुर्ग) ने सुकृति साहू (जांजगीर-चांपा) को 21-4, 21-2 से, शान्वी गुप्ता (रायपुर) ने गुणिका साहू (दुर्ग) को 21-4, 21-7 से हराया।बालक के अंडर-17 वर्ग (BS U17) के परिणाम :अभिरूप बनर्जी (रायपुर) ने कृष्णा त्रिपाठी (बलौदा बाजार) को 21-14, 21-13 से, उत्सव अग्रवाल (रायपुर) ने अरहत राहुल (राजनंदगांव) को 21-11, 21-6 से, सुषांत उइके (रायपुर) ने अश्विन मित्रा (कोरबा) को 21-14, 21-11 से, अथर्व पांडे (उ।को।) ने हृद्यांश पटेल (रायपुर) को 21-12, 21-10 से ,रचित नाइक (रायपुर) ने पुष्कर बरेठ (भिलाई) को 21-1, 23-21 से, नैतिक साहू (रायपुर) ने रवि कृष्णा भगत (कोरबा)को 21-11, 21-17 से, प्रथम चंद्रवंशी (कवर्धा) ने नक्श निर्विकार सिंह (बिलासपुर)को 14-21, 21-19, 25-23 से हराया।

राज्य स्तरीय लैक्रोस चैंपियनशिप 16 को

रायपुर। जम्मू में 5 से 7 दिसंबर तक नेशनल लैक्रोस फेडरेशन कप चैंपियनशिप आयोजित है। जिसमें चयन के लिए लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ और एनटीपीसी के द्वारा लारा रायगढ़ में तीसरे स्टेट लैक्रोस चैंपियनशिप का आयोजन 16 नवंबर को होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ के सेक्रेटरी देववतार चौधरी ने प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील की है।

टर्मिनेटर ने अटल एकेडमी क़ो 142 रनो के अंतर से हराया

रायपुर। अटल क्रिकेट एकेडमी द्वारा स्वर्गीय सुचेता बम्बेश्वर की स्मिर्ति मे आयोजित 30-30 ओवर की अंडर-14 वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच मे अटल क्रिकेट एकेडमी रायपुर की टीम क़ो 142 रनो के बड़े अंतर से हराकर टर्मिनेटर इंटरनैशनल क्रिकेट एकेडमी ने ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। प्रतियोगिता मे टोटल 12 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच मे टर्मिनेटर के कप्तान अमन कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 5 विकेट खोकर 177 रन बनाए। जिसमे सुनिश मवार ने 9 चौके की मदद से 77 रनो की पारी खेली। इसके अलावा टर्मिनेटर के कप्तान अमन कुमार ने 52 रन 6 चौके और 1 छक्के की सहायता से बनाए।

स्क्रीन पर ज्यादा वक्त बिताने के दुष्परिणाम आ रहे सामने

आपको फोकस करने में हो रही है परेशानी, तो संभव है पॉपकॉर्न सिंड्रोम से होने वाली दिक्कत

आज के समय जो लोग अधिक स्क्रीन देखते हैं, उन्हें सामान्य तौर पर फोकस करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हर सेकेंड दिमाग भटकता है और अलग-अलग तरह के ख्याल आते हैं। आइए इस लेख में इसी से बचाव के बारे में जानते हैं।

अगर आपको लगातार किसी एक काम पर ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल हो रही है, आपका दिमाग हमेशा एक विचार से दूसरे विचार पर तेजी से कूद रहा है, तो आप 'पॉपकॉर्न सिंड्रोम' के शिकार हो सकते हैं। यह कोई मेडिकल रोग नहीं है, बल्कि एक व्यवहारगत स्थिति है जो हमारे डिजिटल युग की देन है। जिस तरह पॉपकॉर्न तेजी से उछलता है, उसी तरह हमारा दिमाग लगातार कई सारे नोटिफिकेशन, मैसेज और मल्टीटास्किंग के कारण अति-सक्रिय हो जाता है।

विशेषज्ञों के मुताबिक टेक्नोलॉजी पर अत्यधिक निर्भरता के कारण हमारा मस्तिष्क इतनी तेजी से सूचनाएं प्रोसेस करने का आदी हो गया है कि वह शांत और धीमी गति से किए जाने वाले कामों पर फोकस नहीं कर पाता। यह स्थिति न केवल प्रोडक्टिवीटी को कम करती है, बल्कि यह आपकी याददाश्त और मानसिक शांति को भी गंभीर रूप



से प्रभावित करती है। अगर किसी को भी इस तरह के लक्षण दिखते हैं तो उसे इस सिंड्रोम को पहचानना और अपनी डिजिटल आदतों में बदलाव लाना बहुत जरूरी है।

डिजिटल ओवरलोड से दिमाग पर असर

पॉपकॉर्न सिंड्रोम का मुख्य कारण डिजिटल ओवरलोड है। हमारा दिमाग लगातार ईमेल, सोशल मीडिया अपडेट्स, और मैसेज की जांच करने की आदत बना लेता है। इस आदत के कारण दिमाग हर कुछ मिनट में डोपामाइन की छोटी खुराक की मांग करता है। यह लगातार उत्तेजना दिमाग के उस हिस्से को कमजोर करती है जो गहन एकाग्रता और समस्या समाधान के लिए जिम्मेदार होता है, जिससे ध्यान लगाने में दिक्कत आती है।

प्रोडक्टविटी और नींद की समस्या

इस सिंड्रोम से पीड़ित व्यक्ति एक समय में कई काम शुरू तो कर देता है, लेकिन किसी को भी पूरा नहीं कर पाता, जिससे प्रोडक्टिविटी में भारी गिरावट आती है। इसके



अलावा सोने से ठीक पहले स्क्रीन देखने या मैसेज चेक करने की आदत दिमाग को शांत नहीं होने देती, जिससे नींद की गुणवत्ता खराब होती है। नींद की कमी अगले दिन फोकस की समस्या को और बढ़ा देती है।

माइंडफुलनेस और नियम

पॉपकॉर्न सिंड्रोम से बचने के लिए माइंडफुलनेस और डिजिटल डिटॉक्स अपनाना जरूरी है। रोजाना 10 मिनट का ध्यान करें ताकि दिमाग को शांत रहने की आदत पड़े।

काम के दौरान नोटिफिकेशन को बंद कर दें, और अपने फोन को हर घंटे केवल एक बार देखने का नियम बनाएं। एक समय में एक ही काम करने पर ध्यान केंद्रित करें।

डिजिटल डिटॉक्स और ब्रेन एक्सरसाइज

सप्ताह में एक बार डिजिटल डिटॉक्स (एक दिन के लिए स्क्रीन से पूरी तरह दूर रहना) का अभ्यास करें। अपने दिमाग को तेज करने के लिए किताबें पढ़ें या पजल्स हल करें। ये गतिविधियां दिमाग को शांत और केंद्रित रहने का अभ्यास कराती हैं। गहरी सांस लेने के व्यायाम भी तनाव कम करके एकाग्रता को सुधारने में मदद करते हैं।

फैटी लिवर की परेशानी का हल मौजूद है आपके खाने में, इन्हें जरूर आजमाएं

फैटी लिवर मतलब लिवर के आसपास जरूरत से ज्यादा फैट जमा हो जाता है तो उसे फैटी लिवर कहा जाता है। ज्यादातर पुरुषों के मामलों में ऐसा अल्कोहल के सेवन, तेल-मसाले वाले खाने की वजह से होता है। ज्यादातर मामलों में फैटी लिवर के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन कई मामलों में ये स्थिति लिवर के लिए हानिकारक हो सकती है।

इसलिए जरूरी है कि फैटी लिवर होने पर हेल्दी खाना खाया जाए। ऐसा खाना खाया जाए जो फैटी लिवर को वापस हेल्दी बना दें। फैटी लिवर होने पर क्या-क्या खाना चाहिए? जवाब जानिए-फैटी लिवर की असल स्थिति का अंदाजा फैट से लगाया जाता है, ये बात पहले भी बताई जा चुकी है। लेकिन असल में कितना फैट बढ़ने पर ऐसा होता है। ये जानना भी जरूरी है। शरीर में मौजूद कुल फैट की मात्रा लिवर के वजन से 10 प्रतिशत ज्यादा हो जाती है तो इस स्थिति को फैटी लिवर कहते हैं।

फैटी लिवर वो समस्या है जिसके चलते कई बार पेट में दर्द होता है और कई बार उल्टी भी महसूस होती है। पेट में दर्द होता है और इतना ही नहीं कई बार स्किन पर पीलापन भी आ

जाता है। स्थिति ज्यादा खराब होने पर लिवर में सूजन भी आ जाती है। इसलिए जरूरी है कि इससे बचने के साधन तलाशे जाएं। सबसे अच्छा तरीका ये होगा कि खाने में हेल्दी डाइट ली जाए।

ओमेगा 3 फैटी एसिड अखरोट की खासियत होता है, यही खासियत लिवर के लिए फायदेमंद होती है। अखरोट तब ज्यादा असरदार होता है जब फैटी लिवर की वजह एल्कोहल न हो। दरअसल एल्कोहल न लेने के बाद भी अगर फैटी लिवर हो रहा है तो उसे नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर रोग कहेंगे।

लहसुन के फैटी लिवर में फायदा करने की वजह इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जिनसे फैटी लिवर में काफी फायदा मिल जाता है। पत्तेदार सब्जियां भी इस स्थिति में काफी फायदा देती हैं। खासतौर पर ब्रोकोली खाने से फैटी लिवर में काफी आराम मिलता है। दरअसल इनके सेवन से शरीर की चर्बी कम होती है।

आप इसके लिए फूलगोभी, हरा प्याज, गाजर, कद्दू, पत्तेदार साग, चुकंदर आदि का सेवन भी कर सकते हैं। ये सब्जियां शरीर को और फायदे भी देती हैं, जिससे शरीर हेल्थी होता जाता है और फायदा सभी अंगों को मिलता है।

मछली में अखरोट की तरह ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है। कई शोधों में पाया गया है कि ये एसिड फैट के लेवल और फैटी लिवर दोनों को ठीक करता है।

इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल के लेवल में सुधार होता जाता है। मछली में भी कुछ खास नाम इस काम में आपकी मदद कर सकते हैं जैसे सैल्मन और टूना। मछली खाने वालों को कई फायदे होते हैं।

कॉफी और ग्रीन टी का सेवन करने से अभी लिवर में जमा फैट कम हो जाता है। इसलिए इन्हें भी संतुलित मात्रा में सेवन किया जा सकता है। ध्यान रहे कैफीन की मात्रा' इतनी न हो कि दूसरी दिक्कतें शुरू हो जाएं। इसलिए सोच समझकर एक्सपर्ट की सलाह पर ही कैफीन का सेवन करें।

आपके घर में ऐसे आएगी सकारात्मक ऊर्जा

वास्तु में घर में मौजूद नेगेटिव ऊर्जा को दूर करने के लिए कुछ उपाय बताए गए हैं जिसे अपनाकर घर में सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि और सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी किए जा सकते हैं।

सेंधा नमक के उपाय

सेंधा नमक को वास्तु शास्त्र में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और जीवन में सुख-समृद्धि लाने के लिए अत्यंत प्रभावी माना गया है। सेंधा नमक के उपाय से घर की शुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह और विभिन्न समस्याओं के समाधान में सहायक होता है। जिन घरों में हमेशा नकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और लगातार पैसों से जुड़ी परेशानियां रहती है, उनको घर के मुख्य द्वार पर सेंधा नमक का पानी नियमित रूप से छिड़कें, इससे धन की आवक बनी रहती है। गुरुवार या शनिवार को एक कटोरी में सेंधा नमक और पानी भरकर दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखें और इसे हर हफ्ते बदलें।

घर के मुख्य द्वार पर साफ-सफाई

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर पर सबसे ज्यादा सकारात्मक ऊर्जा मुख्य द्वार से होकर आती है। ऐसे में घर के मुख्य द्वार को हमेशा साफ-सुथरा ही रखें। साथ ही

मुख्य दरवाजे के दोनों तरफ स्वास्तिक और ऊं का निशान बनाएं। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। साथ ही नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

घर में नल का टपकना अशुभ

वास्तु शास्त्र के अनुसार जिन घरों में नल से पानी लगातार टपकता रहता है वहां पर नकारात्मक ऊर्जा का बोलबाला रहता है। इससे धन हानि को होती है। ऐसे में फौरन ही नल से टपक रहें पानी को ठीक करें।

नमक का पोछा लगाएं

घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए सप्ताह में एक बार पानी में थोड़ा सा नमक मिलाकर पोछा लगाएं। इससे घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है।

तिजोरी में रखें मोर पंख

वास्तु के अनुसार तिजोरी या धन रखने के स्थान पर मोर पंख रखने से मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। इस उपाय से जहां अनावश्यक खर्चे कम होते हैं वहीं घर में किसी भी तरह की नकारात्मक ऊर्जा फौरन ही दूर हो जाती है।

पंचमुखी हनुमान का चित्र या मूर्ति

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में दक्षिण दिशा में पंचमुखी हनुमान जी का चित्र या मूर्ति लगाना बहुत प्रभावी होता है। यह न केवल नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है, बल्कि वास्तु दोष के कारण उत्पन्न कष्टों का भी निवारण करता है।

सप्ताह में कम से कम एक बार गंगा जल का छिड़काव पूरे घर में करें। यह घर की नकारात्मकता को दूर करता है।

जावित्री की चाय पीने से मिल सकते हैं सेहत को कई फायदे

जावित्री, रसोई में मौजूद गुणों से भरपूर एक मसाला है। इसकी चाय, सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाती है। हालांकि, इसका बहुत अधिक मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए।इसकी चाय कई तरह से हमारे लिए फायदेमंद है। अगर आप सही तरीके और सही मात्रा में जावित्री की चाय का सेवन करेंगी, तो इससे सेहत दुरुस्त रहेगी और एक नहीं बल्कि कई समस्याओं में लाभ मिलेगा। जावित्री की चाय पीने से आपको क्या फायदे मिल सकते हैं, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन नंदिनी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

जावित्री में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसकी चाय पीने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और मौसमी बीमारियां दूर रहती हैं। अगर आपको अक्सर मौसमी बीमारियां और इंफेक्शन घेर लेते हैं, तो जावित्री की चाय का सेवन करें। यह शरीर के लिए एक हेल्दी टॉनिक के तौर पर काम करती है। जावित्री की चाय पीने से डाइजेशन भी दुरुस्त होता है। इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है, मेटाबॉलिज्म दुरुस्त होता है और पाचन में सुधार होता है। जावित्री की चाय मेटाबॉलिज्म को सुधारती है और इससे फैट बर्निंग तेज होती है। इसे पीने से वजन भी आसानी से कम होता है। अगर आप वजन कम करना चाहती हैं, तो इस चाय को जरूर डाइट में शामिल करें।

जावित्री में एंटी-डायबिटिक गुण होते हैं। इसकी चाय पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। यह चाय शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को भी सुधारती है। इससे चेहरे पर चमक बनी रहती है।

कार्नर न्यूज

प्री-वर्कआउट मील से मिलने वाली एनर्जी से आप कर पाते हैं बेहतर एक्सरसाइज

वीगन डाइट फॉलो करते हुए भी आप ले सकते हैं प्री-वर्कआउट मील, सेहत में दिखने लगेगा बदलाव

वर्कआउट के दौरान हम सभी अपना बेस्ट देना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपकी बॉडी में वो एनर्जी भी हो, जिससे आप अधिक फोकस्ड तरीके से वर्कआउट कर पाएं। इसलिए, हर किसी को प्री-वर्कआउट मील लेने की सलाह दी जाती है। यह प्री-वर्कआउट मील आपको वो एनर्जी देता है, जिससे आप बेहतर एक्सरसाइज कर पाते हैं।

यूं तो आप प्री-वर्कआउट के रूप में कई चीजों का सेवन कर सकते हैं, लेकिन अगर आप वीगन डाइट पर हैं तो ऐसे में आपके लिए सही प्री-वर्कआउट मील को ढूंढना आपके लिए मुश्किल हो सकता है। हालांकि, फिर भी आप बेहद आसानी से वीगन डाइट पर रहते हुए कई फूड्स को अपने प्री-वर्कआउट मील का हिस्सा बना सकती हैं। ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी बता रही हैं कि वीगन डाइट पर आप किन प्री-वर्कआउट मील को ले सकती हैं-

केला और आलमंड बटर टोस्ट

वीगन प्री-वर्कआउट मील के रूप में केला और आलमंड बटर टोस्ट लिया जा सकता है। यह कार्ब्स और हेल्दी

फैट्स का अच्छा सोर्स है। साथ ही साथ, इससे आपको प्रोटीन भी मिलता है। इतना ही नहीं, केले में पोटेशियम होता है, जो वर्कआउट के दौरान मांसपेशियों में ऐंठन को रोकने में मदद करता है। इसके लिए, आप ब्रेड को एक होल ग्रेन ब्रेड लेकर उसे टोस्ट करें। इस पर एक बड़ा चम्मच आलमंड बटर डालकर फैलाएं और इसके ऊपर केले के स्लाइस डालें। आप चाहें तो इस पर चिया सीड्स सप्रिंकल करें।

फल और मेवे की स्मूथी

अगर आप एक इंस्टेंट प्री-वर्कआउट मील बनाना चाहते हैं तो ऐसे में आप फल, नारियल पानी और मेवे की मदद से स्मूथी बना सकते हैं। फलों में नेचुरल शुगर होती है, जो आपको एनर्जी देती है। वहीं, नारियल पानी से हाइड्रेशन मिलता है। स्मूथी बनाने के लिए आप एक ब्लेंडर में एक केला, एक मुट्ठी पालक, आधा कप फ्रोजन आम, एक बड़ा चम्मच बादाम मक्खन और एक कप नारियल पानी डालकर अच्छी तरह ब्लेंड करें। अब आप इसे तुरंत पीएं।

फलों के साथ बनाएं चिया पुडिंग

प्री-वर्कआउट के रूप में चिया पुडिंग खाना अच्छा विचार है। चिया सीड्स ओमेगा-3, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपको लगातार एनर्जी देते हैं। साथ ही, फलों से आपको नेचुरल शुगर मिलती है और आप अधिक एनर्जेटिक महसूस करते हैं। इसके लिए आप एक जार में आधा कप प्लांट बेस्ड दूध, चिया सीड्स डालकर रातभर के लिए फ्रिज में रख दें।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

पर्दे पर फिर दिखेगी 'जुमांजी' की दुनिया, जॉनसन ने की फ्रेंचाइजी के फाइनल पार्ट की घोषणा

हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन की सुपरहिट फिल्म 'जुमांजी' का अब चौथा पार्ट आने वाला है। अभिनेता ने खुद इस फिल्म के फाइनल पार्ट की शुरुआत की घोषणा की है। उन्होंने इसे एक दिल को छू लेने वाला मजेदार रोमांच बताया है। ड्वेन इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पहले टेबल रीड के लिए लॉस एंजिल्स में इकट्ठा हुए कलाकारों की एक तस्वीर साझा की। उन्होंने कहा कि यह श्रीक्वल इस पसंदीदा फ्रेंचाइजी का एक खूबसूरत इमोशनल अंत होगी। पूरी टीम को फिर से एक साथ पाकर बहुत अच्छा लगा। इतनी जोर से हंसते-हंसते हमारे जबड़े दुखने लगे थे। हम सबने इस बारे में बात की कि हमने इस तरह के आनंद और मस्ती को कितना मिस किया है। ड्वेन ने कैप्शन में लिखा, 'चलो एक अच्छी फिल्म बनाते हैं।' जेक कासडन द्वारा निर्देशित इस आगामी फिल्म में ड्वेन जॉनसन के साथ 'जुमांजी' के नियमित कलाकार केविन हार्ट, जैक ब्लैक और करेन गिलन भी वापसी करेंगे। इस फिल्म की कहानी जेफ पिंकनर और स्कॉट रोसेनबर्ग ने ही लिखी है, जो पिछली फिल्मों के भी लेखक थे। अभिनेता एलेक्स वोल्फ, मैडिसन इसमैन, सेर'डेरियस ब्लेन और मॉर्गन टर्नर, जिन्होंने पिछली दो फिल्मों में रियल दुनिया के लड़कों की भूमिकाएं निभाई थीं, उनके भी अक्वाफिना के साथ वापसी करने की उम्मीद है। इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 'जुमांजी' साल 1995 में आई थी। इसके दो दशक भी ज्यादा के वक्त के बाद फिल्म का दूसरा पार्ट 'जुमांजीः वेलकम टू द जंगल' (2017) रिलीज हुआ था।

टॉलीवुड

'द राजा साब' की शूटिंग पूरी, प्रभास से जुड़े इस खास दिन पर हुई कंप्लीट

प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। फिल्म के डायरेक्टर ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। उन्हें इस बात की खुशी है कि फिल्म के लीड एक्टर प्रभास से जुड़े खास दिन पर फिल्म 'द राजा साब' पूरी हुई।

एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर डायरेक्टर मारुति ने पोस्ट करते हुए लिखा, '23 साल पहले प्रभास ने सिनेमा में अपना पहला कदम रखा था। आज उसी दिन फिल्म 'द राजा साब' ने अपनी शूटिंग पूरी की है। प्रभास की जर्नी का हिस्सा बनकर लकी फील कर रहा हूं। मुझे पूरा यकीन है कि हमारी फिल्म एक एनर्जी से भरी होगी।' हम फैंस के प्यार और बेसब्री को समझते हैं। लेकिन वादा करते हैं कि 'द राजा साब' बेस्ट होगी।'

'राजा साहब' एक हॉरर-कमेडी फिल्म है। मारुति द्वारा निर्देशित और लिखित इस फिल्म में प्रभास के अलावा संजय दत्त, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, ऋद्धि कुमार और बोमन ईरानी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह 9 जनवरी 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

भोजपुरी

'बड़की सखी छोटकी सखी' ट्रेलर जारी दो जिस्म एक जान जैसी हैं सहेलियां

यामिनी सिंह की भोजपुरी मूवी 'बड़की सखी छोटकी सखी' का ट्रेलर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इसे दो दिन में ही यूट्यूब पर लाखों व्यूज मिल चुके हैं। इसमें दिखाया गया है कि समाज में दहेज लोभियों की कमी नहीं है। आज भी लड़कियां इसकी बलि चढ़ रही हैं। दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाती भोजपुरी फिल्म 'बड़की सखी छोटकी सखी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसे यूट्यूब पर अब तक हजारों लोग देख चुके हैं। कलाकारों में यामिनी सिंह से लेकर काजल यादव तक शामिल हैं। वीडियो बेहद इमोशनल है, जिसे देखकर आपकी आंखें नम हो जाएंगी।

3 मिनट 44 सेकेंड के भोजपुरी ट्रेलर में दिखाया गया है कि दो सहेलियां होती हैं, जो दो जिस्म एक जान की तरह होती हैं। पूरे गांव में उनकी दोस्ती की चर्चा होती है। एक दिन एक सहेली के लिए शादी का रिश्ता आता है। धूमधाम से उसकी शादी होती है। पर ससुराल में उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है। बच्चे को जन्म देने के बाद भी यातनाएं कम नहीं होती हैं। एक दिन उसे मार कर जला दिया जाता है।

इसी वीडियो में दिखाया गया है कि अपनी सहेली का बदला लेने के लिए दूसरी सहेली उसके पति से शादी करती है। उसके ससुराल जाती है और सास-ससुर से लेकर ननद तक से अपनी सहेली के एक-एक दर्द का पूरा बदला लेती है। इस फिल्म में यामिनी सिंह, काजल यादव, अयाज खान, सोनाली मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, विद्या सिंह, गोपाल चौहान, अनूप अरोरा, रूपा सिंह और रिंकू आयुषी हैं। कांसेप्ट संदीप सिंह का है। निर्देशक अजीत कुमार शर्मा हैं। राइटर सत्येंद्र सिंह हैं। संगीतकार ओम झा का है। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अविनाश रोहरा हैं। इस भोजपुरी फिल्म के ट्रेलर को 17 अक्टूबर को रिलीज किया गया था।

लाइफ स्टाइल

काला जादू

मशहूर मॉडल सैडी सिंक एक लंबी सी परंपरागत ब्लैक प्रादा ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही है। यह शायद साल की मेन्सवियर थीम से मेल नहीं खाती, लेकिन फिर भी वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने बालों को ऊपर कर एक नए लुक को अंजाम दिया है। जाहिर है तारीफ तो मिलेगी है।

लंबे हाथों की शोभा बढ़ाएंगे मेंहदी के आसान डिजाइंस

एक के बाद एक त्योहारों का सिलसिला जारी है और शादियों का सीजन भी आ गया है। ऐसे खास मौके पर अक्सर लम्बे हाथों के लिए मेहंदी का परफेक्ट डिजाइन चुनना बेहद मुश्किल हो जाता है। हाथों के बैक में अगर आप भरे हुए डिजाइन की मेहंदी लगाना चाहती हैं तो इस तरह के बारीक डिजाइन पर एक नजर डाल सकती हैं। इस तरह के डिजाइन को बनाने के लिए आप चाहे तो टूथपिक की मदद ले सकती हैं। वहीं इसके लिए आप कांटे की मदद भी ले सकती हैं।

मिनिमल डिजाइन की मेहंदी लगाना चाहती हैं तो कांटे और टूथपिक की मदद से इस तरह से मंडला आर्ट मेहंदी डिजाइन को हाथों पर बना सकती हैं। वहीं हाथों की उंगलियों के लिए आप जाल या लाइन डिजाइन पैटर्न की मेहंदी लगा सकती हैं। अगर आपके हाथ लम्बे हैं और इन पर आप जाल डिजाइन की मेहंदी लगाना चाहती हैं तो इस तरह से चौड़े डिजाइन के पैटर्न को चुन सकती हैं। इस तरह के डिजाइन के अंदर की ओर आप डॉट-डॉट कर करके पैटर्न बना सकती हैं। वहीं उंगलियों के लिए आप बारीक डिजाइन की लाइन बनाकर मेहंदी कम्प्लीट कर सकती हैं।

भरी उंगलियों के लिए इस तरह का डिजाइन आप आसानी से बना सकती हैं। इस तरह जा डिजाइन आपके लम्बे हाथों को सही चौड़ाई देने में सहायता करेगा। वहीं इस तरीके के डिजाइन को बनाने के लिए आप कांटे या टूथपिक की मदद ले सकती हैं। बता दें कि अंदर की तरफ डिजाइन को कम्प्लीट करने के लिए आप डॉट-डॉट कर मेहंदी लगा सकती हैं। लम्बे हाथों को भरा हुआ बनाना चाहती हैं तो इस तरह से जाल, केरी, फूल-पत्तियों से बने डिजाइन की मेहंदी को हाथों पर लगा सकती हैं। इस तरह का भरा हुआ डिजाइन खासकर शादी या करवाचौथ के समय आप लगवा सकती हैं। इस तरह के डिजाइन को बनाने के लिए आप बारीक डिजाइन को चुनें।

नायरा कट कुर्ती सेट के खास डिजाइंस आपको बनाएंगे और भी खूबसूरत

ऑफिस जाना हो या रोजाना के लिए पहनना हो, कुर्ती पहनना हम सभी पसंद करते हैं। इसके कई डिजाइंस आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफ़लाइन मार्केट तक में आसानी से मिल जाएंगे। वहीं कम दामों में बढ़िया चीजें खरीद लेना हर किसी के बस की बात नहीं होती है। लेटेस्ट डिजाइंस की बात करें तो नायरा कट डिजाइंस काफी चलन में है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं नायरा कट कुर्ती सेट के कुछ खास डिजाइंस जो आपको केवल 500 रुपये में आसानी से मिल जाएंगे।



चौड़े घेरे बॉर्डर कुर्ती सेट

इस तरीके के चौड़े बॉर्डर वाले कुर्ती सेट आपको ऑनलाइन लगभग 300 रुपये से लेकर 450 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह का डिजाइन आपको लंबी दिखने में सहायता करेगा। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप गोल्डन कलर की झुमकी इयररिंग्स को पहन सकती हैं।

बांधनी डिजाइन नायरा कुर्ती सेट

यह आप ऑफिस वियर के लिए ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का बांधनी डिजाइन कुर्ती सेट आपको मार्केट में लगभग 430 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सिंपल कुर्ती डिजाइन के साथ पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

पार्टी वियर नायरा कुर्ती सेट

पार्टी वियर लुक के लिए अगर आप मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के कढ़ाई वर्क वाले नायरा कट कुर्ती सेट को पहन सकती हैं। इस तरह का कुर्ती सेट आपको मार्केट में लगभग 499 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक को आप दिवाली पार्टी के लिए ट्राई कर सकती हैं।

जींस को फैशन नहीं, सही फिटिंग के हिसाब से पहनें

जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं। जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-

बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी। पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे।

सर्दियों में ड्राई स्किन वाले ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान, वरना बढ़ जाएगी परेशानी

लगभग हर किसी को सर्दियों का मौसम काफी पसंद होता है। इस मौसम में लोग घूमने-फिरने जाते हैं और अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते हैं। इसके साथ ही घरों में भी हीटर जलाकर आराम से रजाई में बैठना लोगों को काफी लुभाता है लेकिन इन्हीं सर्दियों के मौसम का त्वचा पर हमेशा गलत ही असर पड़ता है। सर्दियों में त्वचा रूखी-सूखी होने लगती है, जिसकी वजह से कई बार शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। ज्यादातर लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखने के लिए स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं, जोकि हर किसी के बस की बात नहीं है। खासतौर पर जब बार आती है ड्राई स्किन वाले लोगों को उनको तो सर्दियों के मौसम में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में हम आपको सर्दियों में त्वचा में नमी बनाए रखने के कुछ घरेलू तरीके बताएंगे, जिनको अपनाकर आप अपनी ड्राई त्वचा का खास ध्यान रख सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्चने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन सभी तरीकों को फॉलो करना काफी आसान है, तो आइए देर ना करते हुए आपको इस बारे में बताते हैं।

सनस्क्रीन को ना भूलें



लोगों को लगता है कि सर्दियों के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना इतना जरूरी नहीं है। बल्कि ऐसा नहीं है, सर्दियों में भी लोगों को सनस्क्रीन का इस्तेमाल नियमित रूप से ही करना चाहिए। इससे त्वचा हानिकारक किरणों से बची रहती है।

इस रुटीन को करें फॉलो

जिन लोगों की त्वचा ड्राई होती है, उन्हें हमेशा रात को स्कन केयर रुटीन फॉलो करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इस समय ही आपका शरीर काफी रिलैक्स होता है।

कार्नर न्यूज

फैशन के इस दौर में बियर्ड की स्टाइल भी बदल रही

कूल फेडेड बियर्ड लुक आपको देगा अलग पहचान चेहरे के हिसाब बदलाव करेंगे तो आएगा निखार

आजकल फैशन बियर्ड का ही है। अपने चेहरे के हिसाब से सभी पुरुष अलग-अलग तरह की बियर्ड रखते हैं। कभी विराट कोहली वाली तो कभी विक्की कौशल का स्टाइल पुरुषों को भा जाता है।

इन्हीं लुक में से एक है बियर्ड फेडिंग फेडिंग के साथ बियर्ड का लुक थोड़ा और नेचुरल आ जाता है। पुरुषों को फेडिंग का यही अंदाज तो पसंद आता है। इसलिए आजकल बियर्ड फेडिंग के दीवाने सभी हो चुके हैं। मगर अफ़सोस अभी भी कई पुरुष इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते हैं। इसलिए इसको अपने लुक पर आजमा भी नहीं पाते हैं। लेकिन हम बियर्ड फेडिंग से जुड़ी गाइड ले आए हैं।

दाढ़ी को कैसे परफेक्टली फेड करें

जिन पुरुषों ने अभी तक बियर्ड फेडिंग नहीं कराई है, उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं है। लेकिन स्टेप बाय स्टेप इस ट्रिक को आसानी से समझा जा सकता है। चलिए जानते हैं बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ-क्या होती है फेडेड बियर्ड

बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ समझने से पहले हमें ये भी समझना होगा कि ये आखिर होती क्या है। इसके लिए आपको बियर्ड ट्रिमिंग वाला दिन याद करना होगा। बियर्ड ट्रिम कराने के लिए आप अक्सर सैलून ही जाते हैं। ऐसा खुद नहीं करते हैं, पता है क्यों? क्योंकि सैलून में बियर्ड ट्रिमिंग के साथ फेडिंग भी की जाती है। इसमें आपके कान के ऊपर और इसके आस पास के बाल और दाढ़ी के ऊपरी बालों को आपस में कुछ ऐसे ट्रिम किया जाता है कि ये अलग-अलग नहीं लगते हैं। दरअसल यही एक तरह से फेडिंग है। इसमें लंबे बालों को छोटे बालों के साथ ऐसे मिलाया जाता है कि छोटे-बड़े बालों में अंतर पता ही नहीं चलता है और फिर बहुत नेचुरल लुक मिल जाता है। फेड किसी भी उस जगह पर किया जा सकता है, जहां हार्ड लाइन हो। इस लाइन को नेचुरल लुक देने के लिए ही फेडिंग की जा सकती है।

टूल्स तो आपके पास हैं न

बियर्ड फेड करने से पहले आपको सही टूल्स की जरूरत होती है। खासतौर पर बियर्ड ट्रिमर (beard trimmer)के साथ एडजस्टेबल लेंथ कॉम्ब होना जरूरी है। आपको क्लिपर की जरूरत भी पड़ेगी। इसके साथ बियर्ड कॉम्ब की जरूरत भी होगी।

अब सबसे पहले सफाई

बियर्ड फेडिंग शुरू करने से पहले बालों को धोकर बियर्ड कॉम्ब से सुलझा भी लें। ताकि फेडिंग करते हुए कोई दिक्कत न आए। सुलझाते हुए कॉम्ब नीचे की ओर चलाएं। बालों के ग्रोथ पैटर्न को फॉलो भी किया जा सकता है।

अगर आप कंधा ऊपर की ओर चलाएंगे तो दाढ़ी के बाल ऊपर उठ जाएंगे। फेडिंग करते हुए ये उठे हुए बाल परेशानी बन सकते हैं। दरअसल बाल उठे हुए होंगे तो इनकी लेंथ बराबर से पता नहीं चलेगी। इसलिए नीचे की ओर कंघा करने के बाद दाढ़ी को बराबर से काट लीजिए। इस वक्त दाढ़ी जिस दिशा में उग रही है उसके उल्ट ऊपर की ओर हाथ चलाते हुए बियर्ड काटें।